

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 सुरेश रैना की इच्छा, वनडे में ज्यादा जिमेदारी के साथ खेले ........


छीसगढ सरकार का 27 लाख किसानों के लिए बड़ा ऐलान, जारी...... 12

वर्ष : 15 | अंक : 275 | नई दिल्ली, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## भारतीय विद्या भवन में नंदलाल नुवाल भारत विद्या केंद्र के शिलान्यास समारोह को उपराष्ट्रपति ने किया संबोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। परम आदरणीय श्री बनवारीलाल पुरोहित जी, मैं समझता हूं, नाम ही काफी है। 80 की उम्र में भी शेर किसी युवा की तरह दहाड़ रहा है। अपनी कई तरह की सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन मैं उनकी भावनाओं को आशीर्वाद के रूप में लेता हूं। इससे मुझे राष्ट्र और उसकी संस्कृति को हमेशा ध्यान में रखते हुए अपनी गतिविधि में लगे रहने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा, प्रेरणा मिलेगी। समर्पण, प्रतिबद्धता और निःस्वार्थ सेवा के लिहाज से कई संस्थाओं से उनका उल्लेखनीय जुड़ाव है। भारतीय विद्या भवन जैसी संस्थाओं में आना मेरा सौभाग्य है। नागपुर में ऐसी संस्थाओं की सफलता की गाथा से मैं अभिभूत हूं। मेरे मन में कोई शंका नहीं है, बहुत ही कम समय में यह शानदार भवन बनकर तैयार हो जाएगा। यह भी उल्लेखनीय है कि यह भवन भारतीय विद्या भवन की प्रकृति के अनुरूप है। आपकी मुस्कराहट के पीछे लौह पुरुष के प्रयत्न हैं। आपने जो आज बात कही है, सोमनाथ मंदिर के बारे में जो ऐतिहासिक विवरण दिया है, वह आज के दिन हर भारतीय को याद रखना होगा। यह हर भारतीय के दिल को छू गया है। एक वह कालखंड था, जहां राष्ट्रपति को ऐसा निर्देश दिया गया, जिसका हमारी संस्कृति में कोई स्थान नहीं। सेक्यूलर शब्द की व्याख्या करने के लिए भारत विद्या (इंडोलॉजी) में गोता लगाना पड़ता है। इसके लिए




विदेशी पढ़ाई काम नहीं आती। ऐसा नेक काम इस प्रांगण में हो रहा है। यह आप और हम सबके लिए बहुत अच्छा है, क्योंकि यह दिल्ली में हो रहा है और इसकी सबसे ज्यादा आवश्यकता दिल्ली में है। उन लोगों के लिए है, जो ज्यादा दिल्ली में वास करते हैं शासन-प्रशासन के ऊपर उनका कड़ा प्रभाव है। सम्मानित अतिथियों, मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि मुझे भारतीय विद्या भवन से जुड़ी एक ऐसी संस्था की आधारशिला रखने का इतना सम्मान मिलेगा जिसका संबंध भारत विद्या (इंडोलॉजी) से है। नंदलाल नुवाल भारत विद्या केंद्र हमें बहुत आगे ले जाएगा। भारतीय विद्या भवन और इसके दूरदर्शी संस्थापक डॉ. के.एम. मुंशी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यह एक उपयुक्त अवसर है और पुरोहित जी को इसकी पहले से ही प्रतीक्षा थी। भारतीय संस्कृति और ज्ञान प्रणालियों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। यह आसान नहीं था, लोग पश्चिमी विचारों से प्रभावित थे। विदेशी शिक्षा को ज्ञान और बुद्धि का पर्याय माना जाता था, हमारे आसपास गलत सोच वाले व्यक्ति थे। उस माहौल में, उन्होंने एक ऐसी विचार प्रक्रिया की कल्पना की जो अब अंतरराष्ट्रीय महत्व की एक संस्था के रूप में विकसित हो चुकी है। समकालीन परिदृश्य की कल्पना करें तो 1938 में इसकी तुलना में विपरीत परिस्थितियां और कठिन परिस्थितियां थीं, तब यह पहल की गई थी। वास्तव में यह संस्थान शिक्षा, संस्कृति और कला के क्षेत्र में अग्रणी और प्रकाश स्तंभ के रूप में रहा है जैसा कि उस महान व्यक्ति और उनके सहयोगियों ने कल्पना की थी। एक राजनेता, लेखक और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में डॉ. मुंशी जी ने भारत की अद्वितीय विरासत और संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। सोमनाथ इसका एक विशिष्ट उदाहरण है। उन्होंने विरासत की रक्षा करते हुए भारतीय परंपराओं को आधुनिकता के साथ अनोखे ढंग से समाहित किया जबकि शासन में अन्य लोग पश्चिमी विचारधाराओं के पक्ष में थे। मुझे विश्वास है कि उस समय भारतीय प्रधानमंत्री को अवश्य डॉ. मुंशी जी की प्रतिबद्धता का भान हुआ होगा जब भारत के तत्कालीन प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की सोमनाथ मंदिर में उपस्थिति से उनकी विचार प्रक्रिया की पुष्टि हुई थी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में प्रगति ने आत्मनिर्भरता के प्रयास को बढ़ावा दिया : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इस बात का उल्लेख किया कि खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में सरकार की उन्नति ने आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयास को बढ़ावा देकर परंपराओं और उद्यमिता को लोकप्रिय बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मन की बात अपडेट्स हैंडल की एक पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, मने मन की बात के एक एपिसोड में खिलौना विनिर्माण को बढ़ावा देने के बारे में बात की थी और पूरे देश में सामूहिक प्रयासों से हमने इसमें काफी प्रगति भी की है। इस क्षेत्र में हमारी प्रगति ने आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयास को बढ़ावा दिया है और परंपराओं तथा उद्यमिता को लोकप्रिय बनाया है।

### डॉ. जयशंकर ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

वाशिंगटन/नई दिल्ली। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। ाष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक होने की रिपोर्ट के बीच डॉ. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही, क्वाड से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, आज वाशिंगटन डीसी में क्वाड सहयोगी एवं ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मिलकर बहुत खुशी हुई।

## महाकुंभ राजनीतिक नहीं साधु-संतों का समागम

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। महाकुंभ 2025 की देश दुनिया में धूम है। सियासत भी खूब हो रही है। 8 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। अब कांग्रेस भी महाकुंभ नगर जाने को उत्सुक है। राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि हम भी जाएंगे। शुक्ला ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹नेहरू जी और इंदिरा जी हर कुंभ में जाते थे। हम भी जाएंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सभी नेता जा रहे हैं। यह कोई राजनीतिक समागम नहीं है, यह साधु-संतों का समागम है। ये उसका भी श्रेय ले रहे हैं। संतों को श्रेय देने के बजाय वे स्वयं श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। हर जगह विज्ञापन, पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए गए हैं। भाजपा और आम आदमी पार्टी पर उन्होंने झूठा क्रेडिट लेने का आरोप भी लगाया। बोले, दूसरों के काम का श्रेय लेना भाजपा और आप सरकार की आदत रही है। भाजपा और आप में सिर्फ इस बात की लड़ाई है कि कौन झूठा क्रेडिट ले? कौन दूसरे के काम पर तारीफ बटोर ले? पीएम मोदी ने डॉ. मनमोहन सिंह की योजनाओं के उद्घाटन कर उनके काम का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन मनमोहन सिंह जी ने कभी ऐसी बातों पर ऐतराज नहीं जताया। यहां तक कि चंद्रयान परियोजना भी मनमोहन सिंह जी की देन थी। सांसद ने फिर दिल्ली विधानसभा चुनाव में




अपनी जीत का दम भरा और मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कार्यकाल की याद भी दिलाई। कहा कि आज दिल्ली में जितने भी काम दिखते हैं, वे सभी कांग्रेस और शीला दीक्षित जी की देन हैं। आप और भाजपा की सरकार में सिर्फ खोखले प्रचार ही किए गए हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाली 5 फरवरी को दिल्ली की जनता इन दोनों दलों को सबक सिखाएगी। भाजपा की कोशिश ध्रुवीकरण की राजनीति करने की है। वो दिल्ली में देखने को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के गरीबों के लिए हजारों मकान खाली पड़े हैं, वे ढह रहे हैं, टूट रहे हैं, लेकिन उन्हें आवंटित नहीं किया जा रहा, क्योंकि इसका श्रेय देना पड़ेगा। कांग्रेस की केंद्र सरकार ने जवाहरलाल शहरी नवीनीकरण मिशन के तहत दिल्ली के साथ अनुबंध कर 14 अलग-अलग स्थानों पर 52,344 फ्लैट्स गरीबों के लिए बनवाने का अनुबंध किया था। इसकी लागत 2415.82 करोड़ रुपए निर्धारित की गई थी। इसको बनाने का दायित्व डीएसआईईडीसी और डीयूएसआईबी को दिया गया था। आंकड़ों की जुबानी वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने फ्लैट्स की हकीकत बताने की कोशिश की। बोले, ₹दुर्भाग्यपूर्ण बात ये है कि वर्षों पहले 35,744 फ्लैट्स का निर्माण होने के बाद भी गरीबों को सिर्फ 4,833 फ्लैट्स ही आवंटित किए गए। 30,303 घरों को भाजपा और आप की लड़ाई के कारण किसी को भी अलॉट नहीं किया गया। वहीं 16,600 निर्माणाधीन घर भी अब खस्ताहाल हो चुके हैं। आप और भाजपा के श्रेय लेने की लड़ाई ने दिल्ली की जनता को बहुत नुकसान पहुंचाया है। इस मामले में न्यायालय ने कहा है कि गरीबों को फ्लैट्स न देना दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ ही गरीबों के साथ अन्याय भी है।

### महाकुंभ 2025 से 12 लाख अस्थायी नौकरियां पैदा होंगी, 8 लाख से अधिक वर्कर्स को मिलेगा फायदा

नई दिल्ली। 45 दिनों तक चलने वाले आस्था के महापर्व महाकुंभ से करीब 12 लाख गिग और अस्थायी नौकरियों के अवसर पैदा होने का अनुमान है। इससे कई सेक्टरों के आठ लाख से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा होगा। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में सामने आई। ग्लोबल टेक्नोलॉजी और डिजिटल टैलेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली कंपनी एनएलबी सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित ऐतिहासिक समागम देश में अस्थायी रोजगार और आर्थिक विकास के लिए एक केंद्र के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इस लैंडमार्क इवेंट से प्रयागराज ही नहीं, बल्कि आसपास के इलाकों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और टूरिज्म, ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक्स, हेल्थकेयर, आईटी और रिटेल सेक्टर को फायदा होगा। एनएलबी सर्विसेज की रिपोर्ट में बताया गया कि आध्यात्मिक महत्व के अलावा, यह पवित्र समागम आर्थिक गतिविधि का एक प्रमुख चालक बन गया है। उत्तर प्रदेश सरकार को 40 करोड़ श्रद्धालुओं के स्वागत की उम्मीद है, जिससे यह इतिहास के सबसे बड़े शांतिपूर्ण समागमों में से एक बन जाएगा। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलुग ने कहा, ₹आर्थिक विकास, इन्फ्रास्ट्रक्टर डेवलपमेंट, इवेंट मैनेजमेंट, सिक्योरिटी सर्विसेज, पर्यटन और मनोरंजन के माध्यम से फैलता है। इससे पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार के व्यावसायिक क्षेत्रों को बढ़ावा मिलता है। अलुग ने कहा, ₹टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में होटल स्टाफ, टूर गाइड, पॉटर्स, ट्रैवल कंसल्टेंट और कॉर्डिनेटर जैसी नौकरियों की मांग बढ़ रही है और ऐसी करीब 4.5 लाख नौकरियां पैदा हो सकती हैं। वहीं, परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में ड्राइवरों, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधकों, कूरियर कर्मियों और अन्य सहायक कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी, जिससे अनुमानित तीन लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की संभावना है और 7.72 करोड़ लोग अब तक आस्था के इस महापर्व का हिस्सा बन चुके हैं।

## कोलकाता : अदालत ने ट्रेनी महिला डॉक्टर के रेप-मर्डर के दोषी संजय रॉय को सुनाई उम्रकैद की सजा



कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता। सियालदह कोर्ट की विशेष अदालत ने सोमवार को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में एकमात्र दोषी सिविक वालंटियर संजय रॉय उम्रकैद की सजा सुनाई है। जज ने कहा कि यह कोई दुर्लभतम मामला नहीं है। कोर्ट ने शनिवार को ट्रेनी महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या मामले में आरोपी सिविक वालंटियर संजय रॉय को दोषी करार दिया था। फैसले के समय संजय रॉय ने अदालत में दावा किया था कि उसे फंसाया गया है। हालांकि, न्यायाधीश अनिर्बन दास ने कहा कि उसे सजा सुनाए जाने से पहले सोमवार को बोलने का मौका दिया जाएगा। मृतक छात्रा के माता-पिता ने दोषी करार दिए जाने के लिए न्यायाधीश का शुक्रिया अदा किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में अफरा-तफरी की स्थिति भी बनी, जिसके बाद अदालत ने सख्त लहजे में सभी लोगों को चेतावनी दी और आरोपी की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पीड़िता के पिता ने सोमवार सुबह पत्रकारों से कहा था, ₹आज सजा सुनाने से पहले विशेष अदालत के न्यायाधीश दोषी की बात सुनेंगे। उसने 20 जनवरी को कुछ कहने पर जोर दिया था, जिस दिन उसे विशेष अदालत ने दोषी ठहराया था। हम चाहते हैं कि उसे अधिकतम सजा दी जाए।₹ उन्होंने कहा था, ₹रॉय निस्संदेह अपराधी है। लेकिन इस साजिश में और भी लोग शामिल हैं। प्रशासन शुरू से ही उन्हें बचाने की कोशिश कर रहा था। पीड़िता की मां ने कहा था कि संभवतः रॉय इतने लंबे समय तक चुप इसलिए रहा, क्योंकि उसे किसी ने इस मामले में जमानत दिलाने का आश्वासन दिया था। गौरतलब है कि पिछले साल 9 अगस्त में महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल से बरामद किया गया था। कोलकाता पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और क्राइम सीन से मिले सबूतों के आधार पर जांच की। इसके बाद सिविक वालंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया। संजय रॉय इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की चार्जशीट में मुख्य आरोपी हैं। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, धारा 66 और धारा 103 (आई) के तहत दोषी ठहराया गया था।

## इजरायल ने बंधकों के बदले में 90 फिलिस्तीनी कैदियों को किया रिहा



यरूशलम, एजेंसी

यरूशलम। इजरायल ने गाजा पट्टी से तीन बंधकों की रिहाई के बदले में, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के साथ एक समझौते के तहत पहले चरण में 90 फिलिस्तीनी महिला कैदियों को रिहा कर दिया है। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने सोमवार को इजरायल जेल प्राधिकरण के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले हमास की ओर से तीन इजरायली महिला बंधकों की रिहा किया गया, जिसके बदले में इजरायल जल्द ही 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। उल्लेखनीय है अल-कस्साम ब्रिगेड (हमास की सैन्य शाखा) ने पहले कहा था कि उन्होंने इजरायल के साथ एक समझौते के तहत रविवार को तीन बंधकों को रिहा करने का फैसला किया है। इजरायली सेना ने बताया कि रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) ने बंधकों को इजरायली सेना को सौंप दिया है, जिसके बाद महिलाएं सुरक्षित स्वदेश पहुंच गईं हैं। गौरतलब है कि यह रिहाई उस समझौते का हिस्सा है, जिसमें इजरायल और हमास के बीच बंधकों को एक-दूसरे को सौंपने के लिए किया गया है। फिलिस्तीनी महिला कैदियों की रिहाई इजरायल की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो फिलिस्तीनी और इजरायली पक्षों के बीच तनावपूर्ण स्थिति को कुछ हद तक कम कर सकता है।

## एनसीसी कैडेट्स को प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने में योगदान देना चाहिए: राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पूर्व कैडेट हैं और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उनके दृष्टिकोण को साकार करने में एनसीसी कैडेट्स को योगदान देना चाहिए। राजनाथ सिंह ने दिल्ली छावनी में जारी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय कैडेट कोर शिविर के दौरे पर कैडेट और अधिकारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि वह एनसीसी कैडेट्स में भारत की छवि देखते हैं। इस वार्षिक कार्यक्रम में 917 लड़कियां कैडेट भी भाग ले रही हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा दल है। एनसीसी शिविर में कैडेट्स की एकता और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ह्यभारत में शरीर अनेक हो सकते हैं लेकिन आत्मा एक है, अनेक शाखाएं हैं लेकिन जड़ एक है, अनेक किरणें हैं, लेकिन प्रकाश पुंज एक है। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राजनीति में आने से पहले वह स्वयं एक छात्र, एनसीसी के कैडेट और भौतिक विज्ञान के शिक्षक थे। उन्होंने कहा कि कैडेट्स की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा। सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन का संचार करती है।



## राहुल को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही 'मानहानि' कार्यवाही पर लगाई रोक



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता नवीन झा ने अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। झारखंड में चल रहा था मुकदमा बता दें कि झारखंड में चल रहे मानहानि के मुकदमे को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने रांची की निचली अदालत में चल रहे मानहानि के मुकदमे पर रोक लगा दी है। राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया है। क्या बोले राहुल गांधी के वकील वहीं राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर आप प्रभावित पक्ष नहीं हैं, तो आप मुकदमा दाखिल नहीं कर सकते। ये सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में कहा है। बता दें कि राहुल गांधी ने 2019 में तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह को लेकर एक बयान दिया था, जिस वजह से उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मुकदमे पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। क्या है पूरा मामला दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले चाईबासा में अपने एक भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कथित तौर पर अमित शाह के लिए ह्यहत्याराह्ण शब्द का इस्तेमाल किया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राहुल गांधी की अपील पर झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। राहुल गांधी ने झारखंड हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने निचली अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही को रद्द करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दिया था।

**प्रलय मिसाइल** 30-कलाकार विभिन्न प्रकार के भारतीय वाद्य यंत्रों के साथ 26 जनवरी की परेड की शुरुआत करेंगे...........

## गणतंत्र दिवस पर संविधान के 75 साल की झलक, पहली बार प्रलय मिसाइल का भी प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में संविधान के 75 साल की झलक देखने को मिलेगी। कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में 'संविधान के 75 वर्ष' थीम पर दो विशेष झांकियां शामिल की गई हैं। समारोह के अंत में छोड़े जाने वाले सैकड़ों गुब्बारों पर भी संविधान से जुड़ी यह थीम लिखी होगी। इस वर्ष पहली बार प्रलय मिसाइल को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किया जा रहा है। भारत में बनी 'प्रलय' एक आधुनिक और बेहद घातक मिसाइल है।




इस मिसाइल को डीआरडीओ ने विकसित किया है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। केंद्रीय रक्षा सचिव आरके सिंह के मुताबिक इस वर्ष 26 जनवरी की परेड में ह्यस्वदेशीह्ण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड की शुरूआत भारतीय वाद्य यंत्रों से होगी। 30-कलाकार विभिन्न प्रकार के भारतीय वाद्य यंत्रों के साथ 26 जनवरी की परेड की शुरूआत करेंगे। ये कलाकार भारत के प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और संगीत की प्रस्तुति देंगे। 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में इस बार कुल 31 झांकियां होंगी, जिनमें से 16 झांकियां विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की होंगी। झारखंड के कलाकारों द्वारा मुख्य सलामी मंच के सामने राष्ट्रगान गाया जाएगा। संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर इस बार विभिन्न प्रतियोगिताएं व गतिविधियां आयोजित की गई हैं। गणतंत्र दिवस समारोह में भी संविधान के 75 वर्ष पूरे होने से जुड़े आयोजन रखे गए हैं। गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य थीम स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास है। गणतंत्र दिवस परेड में अत्याधुनिक हथियार, मिसाइल सिस्टम, टैंक, आधुनिक कम्युनिकेशन संयंत्र व विशेष वाहन शामिल हैं। इनमें नाग मिसाइल सिस्टम, टी-9-भीष्म टैंक, सारथ टैंक, ब्रह्मोस मोबाइल लॉन्चर, चेतक ऑल टेरेन वाहन, बजरंग लाइट स्पेशलिस्ट वाहन, अग्निबाण मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर कर्तव्य पथ पर नजर आएंगे। इस साल गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट में भारतीय वायुसेना के 22 लड़ाकू विमान, 11 परिवहन विमान और सात हेलीकॉप्टर हिस्सा लेंगे। ये विमान वायुसेना के 1-अलग-अलग ठिकानों से उड़ान भरेंगे। हालांकि, इस साल तेजस विमान फ्लाई पास्ट में हिस्सा नहीं लेंगे। रक्षा सचिव के मुताबिक स्वदेशी व उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) भी इस साल के फ्लाईपास्ट में नहीं हैं।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### शुभंकर मौली ने किया राष्ट्रीय खेलों का प्रचार

**हरिद्वार, एजेंसी।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए शुभंकर मौली ने क्षेत्रों में घूम-घूमकर प्रचार किया। युवाओं और बच्चों को खेल देखने के लिए जागरूक किया। इस दौरान कॉलेजों में शभंकर मौली का स्वागत भी किया गया। शनिवार को शुभंकर मौली वंदना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम रोशनाबाद से नवोदय विद्यालय रोशनाबाद से होते हुए चिन्मय डिग्री कॉलेज, स्वर्ण जयंती पार्क शिवालिक नगर, केंद्रीय विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर-02, सेंटमैरी, ज्वालापुर बालिका इंटर कॉलेज से रानीपुर मोड़ चंद्राचार्य चौक, ऋषिकुल चौराहा, भल्ला इंटर कॉलेज देवपुरा से डामकोठी होते हुए डा. हरिराम इंटर कॉलेज, चंडी चौक होते हुए वापस रोशनाबाद स्टेडियम में गए। शुभंकर मौली के साथ बाइक रैली भी आयोजित की गई। इस मौके पर जिला क्रीडा अधिकारी शबाली गुरुंग, उप क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार, प्रजापति कुकरेती, राजन राणा, अनुराग धमांदा, शुभम बोहरा, मंगल सिंह, आदि मौजूद रहे।

### चार विशेषज्ञ चिकित्सकों का अनुबंध खत्म, रेफर सेंटर बनकर रह गया जिला अस्पताल

**गोपेश्वर, एजेंसी।** जिला अस्पताल गोपेश्वर में उत्तराखंड हेल्थ सिस्टम डेवलपमेंट परियोजना के तहत नियुक्त चार डॉक्टर, 10 स्टाफ नर्स और दो टेक्नीशियन के अनुबंध की सेवा समाप्त हो गई है। पहले से ही डॉक्टर की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल अब पूरी तरह से रेफर सेंटर बनकर रह गया है। अस्पताल में तैनात नेत्र सर्जन डॉ. निर्मल प्रसाद, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रुपचंद्र परांते, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. पन्ना लाल और निश्चेतक डॉ. गौरव रुंगठा के साथ ही स्टाफ नर्स ममता रौतेला, सुप्रिया राय, अनुराधा शर्मा, नेहा बिष्ट, अंजली बत्रा, इंद्रेश, मैनाराज, हेमंत सिंह पंवार, राहुल पाल और तनुज सिंह की बीते 31 दिसंबर को सेवा समाप्ति हो गई है। ये डॉक्टर व स्टाफ नर्स उत्तराखंड हेल्थ सिस्टम (टीएंडएम) के तहत अस्पताल में कार्यरत थे। अब अस्पताल में गिनती के डॉक्टर काम कर रहे हैं। स्थानीय निवासी महेंद्र सिंह, दिगंबर सिंह और राजे सिंह का कहना है कि अस्पताल से एक साथ चार डॉक्टर की सेवा समाप्त तो कर दी गई है, लेकिन उनकी जगह पर एक भी डॉक्टर नहीं भेजा गया है। जिससे दूर-दराज के गांवों से अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है और वह परेशान हो रहे हैं।

### मलारी हाईवे पर सरिये का जाल टूटा, एक मजदूर की मौत, एक घायल

**चमोली, एजेंसी।** मलारी हाईवे पर सलधार के समीप हाईवे किनारे निर्माणाधीन दीवार में बिछाया जा रहा सरिये का जाल टूटने से दो मजदूर घायल हो गए। अन्य मजदूरों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योतिर्मठ ले जाया जा रहा था, जिनमें से एक मजदूर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया है। जबकि एक मजदूर घायल हुआ है। मलारी हाईवे पर इन दिनों चौड़ीकरण और सुधारीकरण का काम चल रहा है। शनिवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे सलधार के पास निर्माणाधीन दीवार के ऊपर सरिये का जाल बिछाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक जाल टूट गया और दो मजदूर इसकी चपेट में आकर घायल हो गए। अन्य मजदूरों की मदद से उन्हें सीएचसी ज्योतिर्मठ ले जाया जा रहा था, जिसमें से नेपाल मूल के मजदूर घनश्याम (48) ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### शिवालिक नगर में इस बार रिकॉर्ड जीत होगी - राजीव शर्मा

**हरिद्वार, एजेंसी।** नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजीव शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में जोरदार जनसंपर्क डोर टू डोर चलाया। उत्साहित जनता और कार्यकर्ताओं को संबोधन में उन्होंने कहा कि पूरी पालिका में भगवा लहराने को जनता तैयार बैठी है। सभाओं मे उमड़ने वाली भीड़ ने तय कर दिया है कि अबकी बार जीत का अंतर पिछली बार से बड़ा होने वाला है। जनता कांग्रेस को पूरी तरह से नकार चुकी है। कल मुख्यमंत्री ने कहा है कि बजट की कोई कमी नगर पालिका में नहीं आने दी जाएगी और नगर पालिका शिवालिक नगर को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। त्रिदेव सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स देते हुए विधायक रानीपुर आदेश चौहान ने कहा कि चुनाव में माहौल पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में है।

# औली में खिलाड़ियों और पर्यटकों ने की स्कीइंग, सीएम धामी की पत्नी ने भी उठाया बर्फ का लुत्फ

**गोपेश्वर(चमोली), एजेंसी।** बर्फ से ढका औली इन दिनों हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वर्ल्ड स्नो डे पर औली सैलानियों से गुलजार रहा।

औली में वर्ल्ड स्नो डे पर स्थानीय स्कीइंग खिलाड़ियों और पर्यटकों ने जमकर बर्फ का लुत्फ उठाया। पर्यटकों के साथ उनके बच्चे भी बर्फ में जमकर मौज मस्ती करते नजर आए। स्की एंड स्नो बोर्ड एसोसिएशन उत्तराखंड/चमोली, आईस स्केटिंग एसोसिएशन चमोली, विंटर गेम्स फेडरेशन ऑफ उत्तराखंड, पर्यटन कारोबारियों व स्थानीय स्कियर्स ने संयुक्त रूप से विश्व हिम दिवस मनाया। स्थानीय लोगों, पर्यटकों व बच्चों ने स्नो मैन बनाया।

इसके साथ स्कीइंग, टायर ट्यूब राइडिंग, स्नो बोर्डिंग, फन स्कीइंग का लुत्फ उठाया। एसोसिएशन के रविंद्र कंडारी, विवेक पंवार, संतोष कुंवर, दिनेश चंद्र भट्ट, अजय भट्ट ने पर्यटकों को स्कीइंग की बेसिक जानकारी दी।

संजय कुंवर ने बताया कि हर साल जनवरी के तीसरे सप्ताह में विश्व के 45 देशों में बर्फीले खेलों के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए वर्ल्ड स्नो डे मनाया जाता है।

इसका उद्देश्य शीतकालीन खेलों को



बढ़ावा देना और सर्दियों के मौसम का आनंद लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर जीएमवीएन के प्रबंधक प्रदीप मंद्रवाल, किशोर डिमरी, राजेंद्र प्रसाद डिमरी, सुहानी ठाकुर सहित कई पर्यटक व स्कीइंग खेलों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने औली पहुंचकर यहां की हसीन वादियों का आनंद लिया। पूरी तरह से निजी रहे इस कार्यक्रम के बारे में ज्यादा लोगों को भनक भी नहीं लग पाई। बर्फ से ढका औली इन दिनों हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। औली सैलानियों से गुलजार है।



बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी आम पर्यटक बनकर औली पहुंचीं, रविवार को उन्होंने औली के विभिन्न जगह पर सैर-सपाटा किया। औली में पर्यटकों को भी इस बात की भनक नहीं लगी कि उनके बीच में मुख्यमंत्री की पत्नी भी सैर कर रही हैं।

## औली में बर्फ कम, 29 जनवरी से प्रस्तावित राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता टली

**चमोली, एजेंसी।** औली में 29 जनवरी से दो फरवरी तक राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना था। लेकिन यहां अभी पर्याप्त बर्फ नहीं है।

औली में 29 जनवरी से प्रस्तावित राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता के आयोजन को फिलहाल टाल दिया गया है। विंटर गेम्स फेडरेशन उत्तराखंड ने औली में खेलों के लिए पर्याप्त बर्फ न होना इसका कारण बताया है।

फेडरेशन के महासचिव अजय भट्ट ने बताया कि औली में 29 जनवरी से दो फरवरी तक राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना था। लेकिन यहां अभी पर्याप्त बर्फ नहीं है। जिसकी वजह से अभी यहां खेलों का आयोजन कराना मुश्किल है।

बर्फबारी होने पर फरवरी माह में प्रतियोगिता के लिए तिथि घोषित की जाएगी। बता दें कि औली में विंटर गेम्स के लिए उत्तराखंड की टीम का चयन भी कर लिया गया था। गेम्स टलने से स्कीइंग खिलाड़ियों में मायूसी है।



## वोटिंग पहले में कांग्रेस को बड़ा झटका, दो दिग्गज नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**नैनीताल, एजेंसी।** स्थानीय निकाय के लिए मतदान से पहले भाजपा ने नगर में कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। नगर कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व मीडिया प्रभारी कैलाश मिश्रा ने पार्टी को अलविदा कह भाजपा का दामन थाम लिया। मिश्रा पूर्व में सपा से विधानसभा चुनाव लड़ चुक हैं और प्रतिष्ठित व्यापारी हैं। सरिता आर्य ने मिश्रा का स्वागत किया। लाश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ता घुटन महसूस कर रहे हैं, नैनीताल में पालिकाध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी जीवंती भट्ट की जीत तय है, इसलिए जनता का रुझान भाजपा की ओर बढ़ा है। यहां नगर अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, महामंत्री मोहित लाल साह, प्रत्याशी जीवंती भट्ट, जगदीश बवाड़ी, पूरन मेहरा, किशन पांडे, योगेश रजवार, विक्रम रावत, मोहित आर्या, अरविंद पडियार, मनोज जोशी, दया किशन पोखरिया, भूपेंद्र बिष्ट आदि रहे। इधर, रविवार को भाजपा प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने मंगावली क्षेत्र में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते समग्र विकास का वादा किया। उन्होंने कहा कि पालिका



कर्मचारियों की समस्याओं का मुख्यमंत्री के माध्यम से समाधान कराया जाएगा। मंगावली क्षेत्र की समस्याओं के साथ ही पूरे वार्ड की समस्याओं को पार्टी के सभासद प्रत्याशी प्रदीप आर्य को भी जिताने की अपील की। जीवंती ने इसके बाद रैमजे अस्पताल क्षेत्र, चिड़ियाघर क्षेत्र, नारायण नगर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया। दावा किया कि जनता का भारी रुझान भाजपा के प्रति है। भाजपा नेता मोहित आर्या के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं से नाव मालिक समिति एवं नाव चालकों से मुलाकात की। समिति के अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट एवं नाव चालकों की ओर से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन का पत्र भी सौंपा गया। इस दौरान मंडी सलाहकार मनोज जोशी, विकास जोशी, विशाल वर्मा व हरीश राणा थे। कांग्रेस प्रत्याशी पंकज आर्य के लिए दिन रात जनसंपर्क कर रहे कार्यकर्ता संवाद सहयोगी जागरण, भवाली~ नगर में मतदान की तिथि नजदीक आते ही कांग्रेसियों ने पंकज आर्य के लिए जनसंपर्क तेज कर दिया। जहॉं पंकज आर्य सुबह होते ही जनता के बीच पहुंच रहे है।

## बेतालघाट में खेतों में बकरी चराते समय तेंदुए ने ग्रामीण पर किया हमला, हिम्मत दिखाकर ऐसे बचाई जान

**नैनीताल, एजेंसी।** दयाल चंद्र खेतों के पास बकरी चरा रहे थे। इस दौरान अचानक तेंदुए ने उनपर हमला कर दिया। अचानक हमला करते देख दयाल ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए को पत्थर मारकर और हल्ला मचाकर ग्रामीणों को बुलाया।



नैनीताल के बेतालघाट क्षेत्र में तेंदुए और बाघ के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार शाम को भी तेंदुए ने हल्द्यानी गांव में खेतों के पास बकरी चरा रहे ग्रामीण पर हमला कर दिया। इस दौरान ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीण ने किसी तरह से हिम्मत दिखाते हुए पत्थर मारकर अपनी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार, शाम करीब साढ़े चार बजे हल्द्यानी गांव में दयाल चंद्र (50) पुत्र इंद्रमणि खेतों के पास बकरी चरा रहे थे। इस दौरान अचानक तेंदुए ने उनपर हमला कर दिया। अचानक हमला करते देख दयाल ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए को पत्थर मारकर और हल्ला मचाकर ग्रामीणों को बुलाया। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीण और परिजन दयाल को घायल हालत में बेतालघाट सीएचसी लेकर पहुंचे। सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

लेकिन वन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कुछ दिन पहले भी जोशीखोला में एक व्यापारी ने भी दो तेंदुओं को सामने देख बाइक भगाकर अपनी जान बचाई थी। जबकि ओखलढूंगा क्षेत्र में सात जनवरी को बाघ के हमले में एक महिला की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों की ओर से वन विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## रेलवे ट्रैक के किनारे रहने वालों को किया जागरूक



**काशीपुर, एजेंसी।** रेलवे सुरक्षा बल ने रेल हादसों में कमी लाने के लिए कमर कस ली है। आरपीएफ जवान रेलवे ट्रैक किनारे रहने वाले लोगों को जागरूक करने में लगे हैं। शनिवार को आरपीएफ निरीक्षक रणदीप कुमार के निर्देश पर उप निरीक्षक सत्यवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक कृष्ण सिंह राणा ने अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने काशीपुर-अलीगंज रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित गेट संख्या 38बी और 37ए पर ट्रैक के किनारे रहने वालों को रेल लाइन पर न बैठने, रेल लाइन पर कचरा न फेंकने, चलती ट्रेन में पत्थर न फेंकने, लाइन पर पत्थर न रखने, गाय बकरी नहीं चराने आदि के प्रति जागरूक किया।

## एआरटीओ के नए कार्यालय में बनाया जाएगा सेल्फी स्टूडियो

**काशीपुर, एजेंसी।** एआरटीओ के नए कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं सड़क सुरक्षा के अंतर्गत आरटीओ ने नए कार्यालय में एक सेल्फी स्टूडियो बनाने का निर्णय लिया है। इसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित सेल्फी प्वांइट लगाए जाएंगे।

आईआईएम के पास लगभग आठ करोड़ की लागत से एआरटीओ कार्यालय के नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें ऑटोमेटिक ड्राइविंग ट्रैक, कार्यालय भवन, फिटनेस आदि सुविधाएं मौजूद हैं। एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए अब एआरटीओ कार्यालय में एक सेल्फी स्टूडियो बनाया जा रहा है। इसके लिए उच्चाधिकारियों की अनुमति मिल चुकी है। सेल्फी स्टूडियो जनवरी अंत तक तैयार हो जाएगा। स्टूडियो में खींची गई तस्वीरों को सोशल मीडिया पर डालने से सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।

### ठंड बढ़ी तो बढ़ने लगी जोड़ों में दर्द की समस्या

**चंपावत, एजेंसी।** ठंड बढ़ने के कारण जिला अस्पताल में जोड़ो में दर्द के मरीज बढ़ने लगे हैं। अस्पताल में हर रोज 30 से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। इसमें युवा सहित बुजुर्ग लोग शामिल हैं।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय पाठक ने बताया कि अस्पताल में ठंड बढ़ने के कारण गठिया, जोड़ों में दर्द के मरीज बढ़ गए हैं। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों को हो रही है। गठिया के कारण उनके जोड़ों में सूजन आ रही है।

## नदारद पीठासीन अधिकारी पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**पौड़ी, एजेंसी।** निकाय चुनाव को लेकर आयोजित द्वितीय प्रशिक्षण में कार्मिकों को मतदान व मतगणना का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। सीडीओ ने चुनाव कार्मिकों को जिम्मेदारी के साथ मतदान व मतगणना संपन्न करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में 16 मतगणना पर्यवेक्षकों के साथ ही 48 मतगणना सहायकों ने प्रतिभाग किया। जबकि द्वितीय प्रशिक्षण में नदारद पीठासीन अधिकारी रघुवीर सिंह पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आयोजित प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/सीडीओ गिरीश गुणवंत ने मतदान व मतगणना के दौरान कार्मिकों को उनकी कार्यों व जिम्मेदारियों से रूबरू कराया। कहा कि दोनों दिन चुनाव कार्मिक गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होंने चुनाव में पारदर्शिता व निष्पक्षता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। हिदायत दी कि चुनाव में लापरवाही संबंधित कार्मिकों पर ही भारी पड़ सकती है। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया के सभी चरणों की तकनीकी जानकारियां दीं। प्रभारी चुनाव नोडल अफसर दीपक रावत ने कार्मिकों को मतगणना के तहत अध्यक्ष व सभासदों के मतपत्रों को पृथक करने व वैध और अवैध मतों की छंटनी की विधि बताई। बताया कि सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। सभी टेबलों पर पहले चरण की गणना पूरी होने के बाद ही दूसरा चरण शुरू होगा। चुनाव कार्मिकों को अंतिम प्रशिक्षण 20 जनवरी को दिया जायेगा।

## बनबसा में सीएम का रोड शो, कार्यकर्ताओं में भरा जोश, भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगा समर्थन

**चम्पावत, एजेंसी।** सीएम पुष्कर सिंह धामी निकाय चुनाव में प्रचार के लिए लगातार जिलों में जा रहे हैं। शनिवार को लोहाघाट में भी शोड शो किया था। आज बनबसा में सीएम ने भव्य रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया।

निकाय चुनाव को लेकर आज चंपावत के बनबसा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रोड शो और जनसभा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। सीएम ने निकाय चुनाव में



भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की।

कहा कि निकाय चुनाव में हर जगह भाजपा परचम लहराएगी और ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।

# उत्तराखंड राष्ट्रीय खेल: सामान्य स्वयंसेवकों का अलग से किया जा रहा चयन

### 1200 विशिष्ट स्वयंसेवक भी होंगे तैनात

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 28 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। तमाम तरह की व्यवस्थाओं को बनाने के लिए दो तरह के स्वयंसेवक अपना योगदान करेंगे। इसमें से सामान्य स्वयंसेवकों की भर्ती की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है।

राष्ट्रीय खेलों में 1200 विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों की भी तैनाती की जाएगी। नेशनल फेडरेशन स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया के स्तर पर उत्तराखंड को यह स्वयंसेवक उपलब्ध कराए जाएंगे। उत्तराखंड अपने स्तर से भी करीब 2300 सामान्य स्वयंसेवकों को चयनित करने जा रहा है। विशिष्ट खेल स्वयंसेवक इनसे अलग होंगे। हालांकि सामान्य स्वयंसेवकों के साथ ही इन्हें भी व्यवहार और शिष्टाचार की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी।

उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 28 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। तमाम तरह की व्यवस्थाओं को बनाने के लिए दो तरह के स्वयंसेवक अपना योगदान करेंगे। इसमें से सामान्य स्वयंसेवकों की भर्ती की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। 30 हजार से ज्यादा लोगों ने स्वयंसेवक बनने के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। इन सभी को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई है। ऑनलाइन परीक्षा भी ली गई है। इसके परिणाम के आधार पर ही स्वयंसेवक भर्ती किए जाएंगे।

राष्ट्रीय खेल सचिचालय के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत आर्या के अनुसार, सामान्य स्वयंसेवकों के अलावा विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों की भी तैनाती की जाएगी। नेशनल फेडरेशन स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया के माध्यम से ये स्वयंसेवक उत्तराखंड को प्राप्त होंगे, जिनकी विभिन्न स्थानों पर तैनाती की जाएगी। नेशनल फेडरेशन स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया इन विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों को उपलब्ध कराता है। खेल पृष्ठभूमि वाले इन स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का अनुभव होता है। सामान्य स्वयंसेवकों को जहां पार्किंग, मेहमानों को लाने-ले जाने संबंधी अन्य सामान्य व्यवस्थाओं में उपयोग किया जाता है। वहीं, विशिष्ट स्वयंसेवकों को खेल से सीधे जुड़ी व्यवस्थाओं में जिम्मेदारी दी जाती है। स्वयंसेवकों से संबंधित कार्य देख रहे प्रतीक जोशी के अनुसार-विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों को प्रतिदिन एक हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। सामान्य स्वयंसेवक का प्रतिदिन का मानदेय पांच सौ रूपये तय किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है। यह खुशी की बात है कि हर वर्ग राष्ट्रीय खेलों से किसी न किसी रूप में जुड़ने के लिए तैयार है। खेलों का यह बहुत बड़ा उत्सव है, जो कि उत्तराखंड में खेल विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण साबित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में मतदान से 48 घंटे पहले समाचार पत्रों में राजनीतिक दलों के विज्ञापन प्रकाशित न करने का निर्देश

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों और समाचार पत्रों को निर्देश दिया है कि वे मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व अनुमोदन के बिना मतदान से 48 घंटे पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन जारी न करें। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा। ऐसे में 4 और 5 फरवरी को कोई भी राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार एमसीएमसी की पूर्व अनुमति के बिना समाचार पत्रों में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं कर सकेगा।

दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने राजनीतिक दलों के अलावा मीडिया संस्थानों को भी इस संबंध में पत्र लिखकर सूचित किया है। इस पत्र में कहा गया है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, जब तक कि राजनीतिक विज्ञापनों की सामग्री को राज्य व जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणित नहीं करा लिया जाता है।

### दिल्ली पुलिस ने 2024 में 1100 से अधिक आदतन अपराधियों को शहर से बाहर किया

नई दिल्ली। दिल्ली में पुलिस ने पिछले वर्ष दिल्ली पुलिस अधिनियम के प्रावधानों के तहत 1, 100 से अधिक आदतन अपराधियों को राष्ट्रीय राजधानी से बाहर कर दिया। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। हैरानी की बात यह है कि आदतन अपराधियों को शहर से बाहर करने के बावजूद दिल्ली में अपराधों में कमी नहीं आई। ऐसे में दिल्ली में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी बढ़ते क्राइम को लेकर लगातार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधती रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शांति और सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से की जाने वाली इस प्रक्रिया का उपयोग अपराधियों को एक निश्चित अवधि के लिए विशिष्ट क्षेत्रों से दूर रखने के लिए किया जाता है। अधिकारी ने बताया, दिल्ली के विभिन्न जिलों से कुल 1, 130 लोगों को शहर से बाहर किया गया। उन्हें दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 47 और 48 (अपराध करने वाले व्यक्तियों को हटाना) के तहत कार्रवाई के लिए उपयुक्त पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत पहले ऐसे व्यक्तियों को नोटिस भेजा जाता है, जिसमें उनसे यह बताने को कहा जाता है कि उन्हें शहर से बाहर क्यों न किया जाना चाहिए और अगर उनका स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया जाता है, तो आगे की कार्रवाई की जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, 2015 में दिल्ली पुलिस ने 268, 2016 में 215, 2017 में 133, 2018 में 79, 2019 में 302, 2020 में 176, 2021 में 311, 2022 में 716 और 2023 में 619 लोगों को शहर से बाहर किया था। अधिकारी ने बताया कि आदतन अपराधियों को शहर से बाहर करना समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### विजेंद्र गुप्ता ने शिक्षा क्रांति के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को दी खुली चुनौती

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और रोहिणी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की तथाकथित विश्व स्तरीय ह्यझूठी शिक्षा क्रांतिह्व को मात्र ढकोसला बताते हुए दिल्ली की आप सरकार को खुली चुनौती दी है और कहा है कि डबल स्टैंडर्ड रखने वाली आम आदमी पार्टी के कारण दिल्ली में दस लाख ऐसे बच्चे हैं जिन्हें कभी किसी स्कूल की दहलीज तक नसीब नहीं हुई। उन्होंने सवाल किया ये कैसी क्रांति है जिसमें दो सालों में 9वीं और 11वीं क्लास के तीन लाख बच्चों को फेल कर दिया जाता है, ताकि दसवीं और बारहवीं क्लास के रिजल्ट को अच्छा बनाकर अपनी झूठी शिक्षा क्रांति की दुकान को चलाया जा सके और विज्ञापनों की आढ़ में जमकर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया जा सके।

सोमवार को रोहिणी विधानसभा में अपने चुनाव प्रचार के दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने भाजपा के शासनकाल में खोले गये 29 प्रतिभा विद्यालय बंद कर उनमें पढ़ रहे हजारों प्रतिभाशाली छात्रों का भविष्य बरबाद कर दिया। उन्होंने आप पर आरोप लगाया कि यह सरकार शिक्षा क्रांति के नाम पर सरकार स्कूल बनाने के लिए करोड़ों रुपए का प्रावधान करती है, लेकिन बिना किसी योजना के बनाए गए इन स्कूलों की इमारत का कोई प्रयोग नहीं हो पाता और इस तरह से हजारों करोड़ों रुपए की बबार्दी हो

# सीएम आतिशी की कालकाजी एक्सटेंशन पॉकेट ए-14 की जनसभा को मिला जबरदस्त जनसमर्थन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी विधानसभा से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आतिशी ने कालकाजी एक्सटेंशन पॉकेट ए-14 में जनसभा कर समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि आप की सरकार बनने के बाद हर महिला को 2100 रुपए की सम्मान राशि और बुजुर्गों का सारा इलाज मुफ्त होगा। इसलिए दिल्ली की जनता इस बार फिर अरविंद केजरीवाल को चुने। आपको तय करना है कि मुफ्त और 24 घंटे बिजली चाहिए या फिर भाजपा शासित राज्यों की तरह महंगी बिजली चाहिए। अगर गलती से भी भाजपा को वोट दे दिया तो वह शानदार सरकारी स्कूलों को बर्बाद कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता जब दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री को गाली दे सकते हैं तो एक आम महिला को कैसे सुरक्षा दे सकते हैं? दिल्ली में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। इसलिए उसको वोट देने का मतलब अपना वोट बर्बाद करना है। भाजपा और कांग्रेस वाले पैसे, जूते, कंबल, कपड़े बांटें तो ले लेना, लेकिन वोट सिर्फ आप को देना।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव का दिन बहुत जरूरी दिन होता है क्योंकि जनता वोट एक दिन डालती है, लेकिन उस वोट का असर 5 साल तक चलता है। इसलिए सही जगह पर वोट डालना जरूरी है जिससे 5 साल तक हमारी जिंदगी में सुधार हो। लेकिन चुनाव के वक्त हर तरह के लोग आकर कई तरह की बात करते हैं। कोई बहलाता है, कोई फुसलाता है तो कोई भड़काता है। अगर हमने गलती से गलत पार्टी को वोट दिया तो 5 साल तक वोट का फैसला नहीं बदला जा सकता।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि 5 साल पहले जनता ने मुझे वोट देकर विधायक बनाया। 5 साल पहले जनता ने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाया था। जब से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने, उन्होंने दिल्ली के आम और गरीब लोगों को सुविधा देने का काम किया। भाजपा वाले मुझे, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को गालियां देते हैं। अरविंद केजरीवाल को गालियां देना बहुत आसान है, लेकिन उनके जैसे काम करना बहुत मुश्किल है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पहले हजारों रुपए के बिजली के बिल आते थे। हर 6 महीने के बाद बिजली की कीमत बढ़ जाती थी और लंबे-लंबे पावर कट लगते थे। लेकिन अब लोगों के घर में 24 घंटे और मुफ्त बिजली आती है।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा की 20 राज्यों में सरकार है। मैं भाजपा के प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी को चैलेंज देती हूं कि तुम्हारी 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन एक राज्य बता दो जहां 24 घंटे और मुफ्त बिजली आती है। इनकी महाराष्ट्र में सरकार है। वहां 200 यूनिट बिजली का बिल 4,800 रुपए आता है। अब जनता को फैसला करना है कि उन्हें जीरो बिजली का बिल देना है या 4 हजार रुपए का बिल देना है। अगर जनता कमल का बटन दबाएगी तो हर महीने 4 हजार रुपए बिजली का बिल आएगा।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि 10 साल पहले सरकारी स्कूलों की हालत बहुत खराब होती थी। उन स्कूलों की छत से पानी टपकता था, टॉयलेट गंदे होते थे, पीने का पानी नहीं होता था और बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ते थे। अब सरकारी स्कूलों में काफी सुधार हुआ है। बच्चों के लिए चेयर-टेबल, पानी और टॉयलेट की सुविधा अच्छी हुई है। आज सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बनते हैं। मैं भाजपा को चैलेंज करती हूं कि एक राज्य में भी सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों से बेहतर हैं। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में टीन-टप्पर के स्कूल चलते हैं। अगर भाजपा सत्ता में आ गई तो स्कूलों को फिर से बुरा हाल कर देगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिकों के जरिए लोगों को मुफ्त इलाज व दवाइयां देने का काम किया है। महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा की सुविधा दी है। जबकि गुरुग्राम में बसों में एक तरफ की यात्रा का किराया 50 रुपए है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थयात्रा की सुविधा दी है और अभी तक 1 लाख बुजुर्गों को इस सुविधा का लाभ मिला है। अब अरविंद केजरीवाल ने 2 और वादे किए हैं।

# सराय काले खां तक नमो भारत ट्रेन आने में नहीं लगेगा ज्यादा वक्त

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के सराय काले खां स्टेशन का निर्माण और ट्रैक बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है। स्टेबशन के जून तक तैयार होने की संभावना है। यह स्टेशन तीन आरआरटीएस कॉरिडोर यानी दिल्ली-पानीपत, दिल्ली-एसएनबी-अलवर और दिल्ली-मेरठ का संगम बिंदु होगा। इस इंटरऑपरेबिलिटी से यात्रियों को अलग-अलग कॉरिडोर के बीच ट्रेन बदले बिना यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 82 किलोमीटर में से 55 किलोमीटर का हिस्सा पहले ही चालू हो चुका है। 5 जनवरी को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक 13 किलोमीटर का नया खंड शुरू किया गया। पूरा कॉरिडोर जून 2025 तक चालू होने की उम्मीद है।

सराय काले खां स्टेशन को रणनीतिक रूप से चार प्रमुख परिवहन केंद्रों के पास विकसित किया जा रहा है। यह स्टेशन दिल्ली मेट्रो (पिंक लाइन), हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी और सिटी बस सेवाओं के करीब स्थित है, जिससे यात्रियों को निर्बाध मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी मिलेगी। स्टेशन के साथ एक स्काईवॉक का निर्माण किया जा रहा है जो निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और रिंग रोड को जोड़ेगा। यह स्काईवॉक आईएसबीटी, दिल्ली मेट्रो और सिटी बस स्टैंड से भी जुड़ेगा जिससे पैदल यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि सराय काले खां स्टेशन का ढांचा लगभग तैयार हो चुका है और इसके बाहरी हिस्से और छत पर काम प्रगति पर है। न्यू अशोक नगर से सराय काले खां के बीच 14 किलोमीटर लंबे ट्रैक बिछाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। सराय काले खां स्टेशन दिल्ली सेक्शन का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण स्टेशन होगा। यहां छह प्लेटफॉर्म और चार ट्रैक होंगे, जो नमो भारत ट्रेन की आवाजाही को सुगम बनाएंगे। स्टेशन पर यात्रियों के लिए समर्पित पार्किंग सुविधा, पिक-एंड-ड्रॉप जोन और प्रवेश-निकास संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

# पम्मा ताइक्वांडो अकादमी में आयोजित ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट में खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर के मोहन गार्डन जैन रोड़ में पम्मा ताइक्वांडो अकादमी में आयोजित ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट में खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस ग्रेडिंग टेस्ट में ताइक्वांडो के विभिन्न फॉर्म्स को दिखाते हुए बच्चों ने न केवल अपनी तकनीकी क्षमता का परिचय दिया, बल्कि साहसिक खेल भी खेले। यह आयोजन वर्ल्ड ताइक्वांडो फेडरेशन कुकिवान दक्षिणी कोरिया से ब्लैक बेल्ट मास्टर परमजीत सिंह पम्मा, राष्ट्रीय कोच ब्लैक बेल्ट कृष्ण यादव, राष्ट्रीय रेफरी ब्लैक बेल्ट अजय यादव और बाल भारती स्कूल द्वारका के शारीरिक शिक्षक विवेक सोनी के मार्गदर्शन में हुआ।

बेल्ट टेस्ट के दौरान 130 खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया कि उन्होंने प्रशिक्षण में अच्छी तरह से अभ्यास किया है। प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक खिलाड़ी ने अपनी फॉर्म्स को बिना किसी हिचकिचाहट के दिखाया और अच्छे अंक हासिल किए। इस परीक्षा में केवल शारीरिक प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानसिक ताकत और आत्मविश्वास का भी प्रदर्शन हुआ। बच्चों ने कठिन फॉर्म्स, किकिंग, और पंचिंग तकनीकों को सही तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे यह स्पष्ट था कि उनका प्रयास काबिल-ए-तारीफ था।

इस मौके पर ब्लैक बेल्ट मास्टर परमजीत सिंह पम्मा ने बच्चों की तकनीकी क्षमताओं को सराहा और उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास में मदद करता है। सभी खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ इस बेल्ट टेस्ट में भाग लिया और अच्छे अंक हासिल किए। इस टेस्ट का आयोजन ताइक्वांडो के प्रति बच्चों के प्रेम और समर्पण को और मजबूत करेगा, जिससे भविष्य में और भी बेहतरीन खिलाड़ी तैयार होंगे।

राष्ट्रीय कोच ब्लैक बेल्ट कृष्ण यादव ने बच्चों की मेहनत की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास और शारीरिक विकास दोनों ही बढ़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस टेस्ट में बच्चों ने जिस तरह से अपना प्रदर्शन किया है, वह उनके भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने की ओर इशारा करता है। अंततः इस सफल आयोजन से यह साबित हुआ कि सही मार्गदर्शन और समर्पण के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# मकोका मामला: अदालत ने आप विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और उत्तम नगर के विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर सोमवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा, दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करें। अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। विधायक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने अदालत से उन्हें इस आधार पर रिहा करने का अनुरोध किया कि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और उनकी पत्नी चुनाव लड़ रही हैं। बाल्यान ने कहा, मुझे कम से कम अंतरिम जमानत दी जाए। मैं कोई अपराधी नहीं हूं। पाहवा ने यह भी दलील दी कि बाल्यान के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। पुलिस के वकील ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय देने का अनुरोध किया, जिसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 23 जनवरी को करना तय किया।

निचली अदालत ने 15 जनवरी को बाल्यान को जमानत देने से इनकार कर दिया था। निचली अदालत के समक्ष दिल्ली पुलिस ने बाल्यान की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दावा किया था कि मामले की जांच एक महत्वपूर्ण चरण में है और अगर जमानत दी जाती है, तो आरोपी जांच में बाधा डाल सकता है। बाल्यान को चार दिसंबर, 2024 को मकोका के तहत एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसी दिन एक निचली अदालत ने उन्हें कथित जबरन वसूली के एक मामले में जमानत दी थी।

### उत्तर रेलवे के 19 हजार से ज्यादा कर्मचारी पदोन्नत

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने वर्ष 2024 में सलेक्शन कैलेंडर के माध्यम से कुल 19,572 कर्मचारियों को पदोन्नत किया है। उत्तर रेलवे देश में पहला रेलवे जोन है जिसमें सलेक्शन कलेंडर के माध्यम से पहले ही पदोन्नति प्रक्रिया को प्रारम्भ किया जाता है। मुख्य प्रवक्ता हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार, उत्तर रेलवे के कार्मिक विभाग की प्राथमिकता है कि कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति दी जाए। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 के दौरान कुल 1.16 लाख कर्मचारियों में से 19,572 कर्मचारियों को पदोन्नति चयन कैलेंडर निगरानी प्रणाली की सहायता से दी गई है। यह कुल संख्या का लगभग 16.87 फीसदी है। उन्होंने बताया कि उत्तर रेलवे के सभी मंडल और वर्कशॉप को चयन सूची पहले ही तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं

# दिल्ली में हल्का कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस अधिक था और यहां कुछ हिस्सों में कोहरे की हल्की परत छाई रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत दर्ज की गई। आईएमडी ने दिन में आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 342 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच वायु एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

# अरविन्द केजरीवाल जानते हैं वे किये गए वादे पूरे नहीं कर सकते : परमानन्द शर्मा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नें दिल्ली विधानसभा चुनावों के चलते जनता से अनेक वादे कर डाले हैं और अभी भी रोजाना ऐसे वादे कर रहे हैं जिन्हें पूरा करना किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं है। यह कहना है राम नगर वार्ड से कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष तथा नगर निगम का चुनाव लड़े परमानन्द शर्मा का। परमानन्द शर्मा कहते हैं ऐसा नहीं है कि अरविन्द केजरीवाल को इस बात का एहसास नहीं है लेकिन वे दिल्ली की जनता को लगातार गुमराह किये जा रहे हैं। परमानन्द शर्मा कहते हैं कि अपने खिसकते जनाधार की वजह से लगातार निराशा में डूबकर केजरीवाल जनता को भ्रमित कर रहे है और अपने झूठ को दोहरा रहे हैं, क्योंकि किरायेदारों को मुफ्त बिजली और पानी देने का उनका नवीनतम झूठ सामने आ गया है। उन्होंने 2015 और 2019 में भी वोट हासिल करने के लिए यही वादा किया था। उन्होंने पूछा कि केजरीवाल पिछले 10 वर्षों में अपने वादों को पूरा करने में क्यों विफल रहे हैं, और अब जब उन्हें अपने भ्रष्ट सरकार के शासन को जाने का अहसास हो गया है, तो चुनावों में अपने झूठ और धोखा देने वाली घोषणा करके किराएदारों की सहानुभूति प्राप्त करना चाहते है। परमानन्द शर्मा ने कहा कि केजरीवाल ने 11 वर्षों में अपना कोई भी वादा कभी पूरा नहीं किया, क्योंकि उनका ध्यान हमेशा भ्रष्टाचार, लूट पर ही रहा। शराब घोटाले के कारण स्वयं केजरीवाल, मनीष सिसौदिया और संजय सिंह को जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल शर्तों की जमानत पर जेल से बाहर हैं और दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद वापस जेल जाने का डर भी उन्हें सता रहा है, जो उन्हें सभी प्रकार के झूठे वादे करने के लिए मजबूर कर रहा है, जबकि वो जानते हैं कि वो किसी भी वादे को पूरा नहीं कर पाएंगे। परमानन्द शर्मा ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल वोट लेने के लिए कह रहे है कि किराए दारों को समान अधिकार देंगे और सब्सिडी का फायदा भी दिया जाएगा।

# आतंकियों-देशविरोधी शक्तियों से चंदा लेती हैं आप-कांग्रेस : अनुराग सिंह ठाकुर




नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, देश लिए आतंकवाद बड़ी समस्या है। नरेंद्र मोदी सरकार आतंकवाद को लेकर जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। लगभग 11 वर्षों में आतंकवाद व नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए मजबूती से काम हो रहा है। भाजपा के लिए हमेशा राष्ट्र प्रथम है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल राष्ट्रविरोधी शक्तियों के साथ हाथ मिलाते हैं। राजनीतिक लाभ के लिए उनसे चंदा भी प्राप्त कर मौन धारण कर लेते हैं। डबल डेटिंग करने वाले राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, आतंकी अफजल गुरु की फांसी के मुद्दे पर इकट्ठे नजर आए थे।

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा, अफजल गुरु की फांसी को माफ कराने के लिए किसकी एनजीओ, किसका परिवार सामने आया था। केजरीवाल व आतिशी को जवाब देना चाहिए। देश का नामोनिशान मिटाने वाले टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ कांग्रेस व आप खड़ी थी। टुकड़े-टुकड़े गैंग के मुखिया को दोनों पार्टियों ने समर्थन किया और चुनाव में टिकट दिया। पंजाब चुनाव में आतंकियों के घर में केजरीवाल रूके थे। उन्होंने कहा आप ने दिल्ली दंगा भड़काकर विधानसभा चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया था। दंगे का आरोपी ताहीर हुसैन आप का नेता था। आप व कांग्रेस बाटला हाउस के बलिदानी इंस्पेक्टर पर सवाल खड़ा किया था। दिल्ली के स्कूलों में बम धमाके की धमकी देकर डर पैदा करने वालों के तार किस पार्टी से जुड़ रहे हैं इसका जवाब आतिशी, केजरीवाल व राहुल गांधी को देना चाहिए। भारत विरोधियों व आतंकी संगठनों से चंदा क्यों लिया, इसका जवाब देना होगा।

आप व कांग्रेस आतंकवाद व अलगाववाद को समर्थन करने, भारत को नुकसान पहुंचाने वालों, खालिस्तान समर्थकों के साथ खड़े होने, उन्हें संरक्षण देने और उनसे चंदा लेने को लेकर जनता को जवाब देना होगा। केजरीवाल अराजकता व सनसनी के पुराने खिलाड़ी हैं। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को पनाह देते हैं और गुनाह करने के लिए उनके सिर पर हाथ भी रखते हैं।

भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, आप देश विरोधी शक्तियों को बढ़ावा दे रही है। दिल्ली में सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का काम आप का स्लीपर सेल कर रहा है। एक नाबालिग चार सौ स्कूलों में बस धमाके की धमकी वाला ई-मेल करता है। आप को बताना चाहिए कि वह ऐसा किसके कहने पर किया और उसके पास स्कूलों का ई-मेल किसने उपलब्ध कराया। नाबालिग के परिजन जिस एनजीओ से जुड़े हैं, उसका किससे संबंध यह सभी जानते हैं।

दिल्ली को दहलाने की हो रही साजिश इस तरह के काम जानबूझकर किया जा रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में शाहीनबाग व दिल्ली दंगा किया गया। इस बार चुनाव में भी दिल्ली को दहलाने की साजिश हो रही है। देश विरोधी नारेबाजी करने वालों को आप ने बचाने का काम किया।

# पिछले 5 साल में भाजपा के पोस्टर बॉय प्रवेश वर्मा की कमाई में 11,488% की बढ़ोतरी हुई : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हर चुनाव से पहले दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी अपने किसी न किसी पोस्टर बाय को एक आदर्श नेता के रूप में दिल्ली की जनता के सामने प्रस्तुत करती रही है। उन्होंने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी के वह आदर्श पोस्टर बॉय जिनके लिए पूरा का पूरा पुलिस प्रशासन और पूरा चुनाव आयोग अपनी आन बान शान दाव पर लगा कर बैठा है, वह है भाजपा के नेता प्रवेश वर्मा। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं कल प्रवेश वर्मा जी द्वारा चुनाव आयोग के समक्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में दिए गए संपत्ति ब्यूरो के हलफनामे और इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उनके द्वारा दिए गए संपत्ति ब्यूरो के हलफनामे को पढ़ रहा था। उन्होंने कहा कि जिस दर से प्रवेश वर्मा जी की संपत्ति में पिछले 5 सालों में बढ़ोतरी हुई है, यह अपने आप में किसी चमत्कार से कम नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यदि विश्व की बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटी को प्रवेश वर्मा जी के 5 साल में संपत्ति में हुई बढ़ोतरी के ब्यौरे की जानकारी दे दी जाए, तो शायद ही कोई विश्व का ऐसा विश्वविद्यालय होगा जो इन्हें अपने विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को यह गुरु मंत्र जो प्रवेश वर्मा जी के पास है, यह सिखाने के लिए लेक्चर देने के लिए ना बुलाए।

प्रवेश वर्मा जी की संपत्ति के ब्यौरे की जानकारी आंकड़ों सहित मीडिया के सामने प्रस्तुत करते हुए सौरभ भारद्वाज ने बताया कि अप्रैल 2019 में लोकसभा चुनाव के लिए जब प्रवेश वर्मा जी ने चुनाव आयोग में संपत्ति ब्यौरे का हलफनामा दाखिल किया था, तो उसमें उनकी अचल संपत्ति 12.30 करोड़ रुपए थी। जबकि 2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रवेश वर्मा जी ने जो अचल संपत्ति का ब्यौरा चुनाव आयोग को दिया है, उसमें उनकी संपत्ति 19.10 करोड रुपए बताई गई है। अर्थात यदि पिछले 5 साल में आप अचल संपत्ति में बढ़ोतरी का आकलन करें तो लगभग 55% की बढ़ोतरी अचल संपत्ति में हुई है। इसी प्रकार से 2019 में जो चल संपत्ति 3.20 करोड रुपए थी, वह इस बार 2025 के हलफनामे में 96.50 करोड रुपए बताई गई है। अर्थात 2915% की बढ़ोतरी चल संपत्ति में हुई है। इसी प्रकार से 2019 के हलफनामे में 2017-18 की इनकम टैक्स रिटर्न में वार्षिक आय 17 लाख रुपए बताई गई है, वहीं 2025 के हलफनामे में 2023-24 की वार्षिक आय 19.17 करोड रुपए बताई गई है। अर्थात पिछले 5 सालों में वार्षिक आय में 11,488% की बढ़ोतरी हुई है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के आदर्श पोस्टर बॉय प्रवेश वर्मा जी से यह अनुरोध करता हूं, कि वह देश की करोड़ गरीब जनता को अपना यह गुण, वह गुरु मंत्र बताएं, जिसके जरिए से मात्र 5 साल में उनकी कमाई में हजारों प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि इस देश में सालों से व्यापार कर रहे बड़े-बड़े व्यापारियों की कमाई में भी 5 साल के भीतर इतना बड़ा उछाल नहीं आ पाता है, जितना बड़ा उछाल 5 साल के भीतर भाजपा के नेता प्रवेश वर्मा जी की कमाई में आया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह बड़े ही दुख और आश्चर्य की बात है, कि एक तरफ केंद्र में बैठी भाजपा सरकार देश में 85 करोड लोगों को मुफ्त राशन बांट रही है, क्योंकि वह 85 करोड़ परिवार राशन खरीदने में भी सक्षम नहीं है, वहीं दूसरी ओर भाजपा के नेताओं की 5 साल में संपत्ति हजारों प्रतिशत में बढ़ जा रही है।

### पुलिस ने पिछले 12 दिनों में पकड़ी एक करोड़ से अधिक मूल्य की शराब

नई दिल्ली। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र बनाने के लिए दिल्ली पुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। चुनाव आयोग की गाइडलाइन का प्रभावी तरीके से पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। दिल्ली पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की इन कोशिशों के चलते 7 जनवरी से 19 जनवरी, 2025 तक कई अहम एक्शन लिये गए। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के अभी तक पुलिस ने 397 केस दर्ज किए हैं। इसके अलावा आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस ने अभी तक 36,223 लीटर बरामद किया है। इसकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। इसी क्रम में गैर-लाइसेंस 152 हथियार 212 कारतूस जब्त किए गए हैं।

### सड़क पर भीड़ के बीच शख्स की चाकू से गोदकर हत्या, वीडियो बनाते रहे लोग

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के कमला मार्केट के तुर्कमान गेट स्थित पुलिस भवन के पास सड़क पर 35 साल के एक शख्स की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई, जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। हैरानी की बात यह है कि सड़क के बीचों-बीच इस हत्याकांड को अंजाम दिया और लोग वारदात का वीडियो मोबाइल में बनाते रहे। किसी ने भी पीड़ित को बचाने का प्रयास नहीं किया। हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया गया है। जिसकी उम्र लगभग 17 साल बताई जा रही हैं।

डीसीपी एम हर्षवर्धन ने कहा कि एक ढाबे के पास मामूली मुद्दों पर हुए झगड़े के बाद 35 वर्षीय एक व्यक्ति को 17 वर्षीय किशोर ने चाकू मार दिया। शुरूआत पजांच में लग रहा है मृतक लेबर का काम करता है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। झगड़ा ढाबे में बढ़ने की जगह को लेकर हुआ था। लेकिन बाद में मामला गाली गालौज तक बढ़ गया। फिर नाबालिग ने शख्स की हत्या कर दी। फिलहाल कमला मार्किट थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। रविवार रात करीब 10:00 बजे की है, जब 2 लोगों के बीच सड़क पर झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि नाबालिग ने चाकू निकालकर 35 वर्षीय शख्स पर चाकुओं से वार कर दिया, लेकिन किसी ने बचाने की प्रयास नहीं किया। जब तक उसे हॉस्पिटल लेकर गए, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी नाबालिग को पकड़ लिया गया है। वह 7वीं कक्षा का ड्रॉपआउट है और पास में ही रहता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नोएडा में यमुना प्राधिकरण में 30 जून तक सीईओ के पद पर बने रहेंगे डा. अरुणवीर सिंह

नोएडा, । उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास विभाग ने एक बार फिर आईएएस डा. अरुणवीर सिंह का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया है। वे यमुना प्राधिकरण में 30 जून 2025 तक सीईओ के पद पर बने रहेंगे। उन्होंने सेवा विस्तार के क्रम में सातवीं बार सीईओ के पद पर कार्य भार ग्रहण किया। डा. अरुणवीर सिंह द्वारा सीईओ पद भार संभालने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। डा. अरुणवीर सिंह के पास वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं। जिसको देखते हुए डीओपीटी ने उनके सेवा विस्तार को हरी झंडी दी है। डा. अरुण वीर सिंह को सीएम योगी आदित्यनाथ के भरोसेमंद प्रशासनिक अधिकारी के रुप में जाना जाता है। वे जुलाई 2016 में यमुना प्राधिकरण के सीईओ बनाकर आए थे। जिस समय यमुना प्राधिकरण की उन्होंने कमान संभाली, उस समय यमुना प्राधिकरण भारी भरकम कर्ज में दबा हुआ था। उनके कड़ी मेहनत और परिश्रम से आज यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देश के साथ विदेशों से लोग व्यापार और निर्यात करने आ रहे हैं। यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट), फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, ट्राय पार्क, देशी-विदेशी कंपनी और शिक्षण संस्थानों का निर्माण कार्य चालू होने के बाद क्षेत्र की मांग विश्व पटल पर बढ़ी है। इन सबका योगदान डा. अरुणवीर सिंह को दिया जा रहा है। बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा फिल्म सिटी के प्रोजेक्ट को देखते हुए ही योगी आदित्यनाथ के द्वारा यह फैसला लिया गया कि यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट और इंटरनेशनल फिल्म सिटी का कार्य सही तरीके से संपन्न हो सके।

### फरीदाबाद : चाकू मारकर युवक की हत्या, प्लाट में मिला शव

फरीदाबाद,। बल्लभगढ़ स्थित ऊंचा गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक 25 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान चेतन के रूप में हुई है, जो मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना रविवार शाम की है, जब चेतन नई जर्सी खरीदकर घर आया और अपनी मां राजवती से 700 रुपए मांगे। मां ने उसे 500 रुपए देकर कहा कि बाकी के पैसे खुद मिला लेना। चेतन जर्सी के पैसे चुकाने के लिए घर से निकला, लेकिन कुछ ही देर बाद पड़ोसियों ने आकर बताया कि वह एक खाली प्लॉट में बेसुध पड़ा है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि चेतन के शरीर पर कई जगह चाकू के वार के निशान थे और उसकी सांसें नहीं चल रही थी। उसे तुरंत बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां का कहना है कि उनके बेटे की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। थाना आदर्श नगर के प्रभारी हरिकिशन के अनुसार उन्हें रात करीब एक बजे घटना की सूचना मिली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल की शवगृह में भेज दिया है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और हत्यारों की तलाश में जुटी है।

### नोएडा में कालिंदी कुंज बैराज के पास यमुना नदी में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

नोएडा, । नोएडा के थाना फेस-वन क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर पुलिस को दो अज्ञात लोगों का शव मिला है। एक शव यमुना नदी में मिला है। आशंका जताई जा रही है कि हत्य कर शव को यमुना नदी में फेंका गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार भड़ाना ने बताया कि थाना फेस वन क्षेत्र के कालिंदी कुंज बैराज के पास यमुना नदी में एक 31 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि दिल्ली या आसपास के क्षेत्र में युवक की हत्या कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे यमुना नदी में फेंक दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन के पास एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। उन्होंने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस ने वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म में से एक बनने के लिए की रणनीतिक साझेदारी

प्रात: किरण संवाददाता

वित्तीय सेवाओं की पहुंच को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने तथा डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने के लिए की हुई एक अनूठी साझेदारी एयरटेल अपने सभी 370 मिलियन ग्राहकों को बजाज फाइनेंस की अधिकांश खुदरा वित्तीय सेवाएं कराएगा उपलब्ध यह साझेदारी एयरटेल के मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म और ओमनी चैनल क्षमताओं को बजाज फाइनेंस की 27 उत्पाद लाइनों के विविध समूह, एआई-संचालित रणनीति तथा मजबूत अंडरराइटिंग स्टैक के साथ जोड़ती है। नई दिल्ली/मुंबई, 20 जनवरी, 2025: भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल और देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने आज वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफार्मों में से एक बनने और वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस अनूठी साझेदारी में एयरटेल के 370 मिलियन का सक्रिय ग्राहक आधार, 12 लाख से अधिक का विशाल वितरण नेटवर्क, तथा बजाज फाइनेंस की 27 उत्पाद लाइनों का विविध समूह, और 5,000 से अधिक शाखाएं एवं 70,000 क्षेत्रीय एजेंट शामिल है। एयरटेल, बजाज फाइनेंस के खुदरा वित्तीय उत्पाद शुरुआत में अपने एयरटेल थैंक्स ऐप पर और बाद में अपने स्टोर के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से भी उपलब्ध कराएगा, ताकि ग्राहकों को इस सुविधा का सहज और सुरक्षित अनुभव मिल सके। दोनों कंपनियों की डिजिटल परिसंपत्तियों की संयुक्त ताकत एयरटेल और बजाज फाइनेंस को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाने में सक्षम बनाएगी। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी गोपाल विट्टल ने कहा, एयरटेल और बजाज फाइनेंस, इस देश के दो भरोसेमंद नाम हैं, जो लाखों भारतीयों को वित्तीय जरूरतों के विविध पोर्टफोलियो के साथ सशक्त बनाने का साझा दृष्टिकोण रखते हैं। दोनों कंपनियों की संयुक्त पहुंच, पैमाना और वितरण शक्ति इस साझेदारी की आधारशिला के रूप में काम करेगी और हमें बाजार में सफल होने में मदद करेगी। हम एयरटेल फाइनेंस को कंपनी के लिए एक रणनीतिक परिसंपत्ति के रूप में विकसित कर रहे हैं और इसमें निवेश तथा इसका विकास करना जारी रखेंगे। आज हम पर एक मिलियन से अधिक ग्राहक अपना भरोसा जता रहे हैं। हमारा लक्ष्य एयरटेल फाइनेंस को अपने ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों के लिए वन-स्टॉप शॉप बनाना है। बजाज फाइनेंस के प्रबंध निदेशक राजीव जैन ने कहा, भारत का डिजिटल इकोसिस्टम, डेटा संचालित क्रेडिट अंडरराइटिंग और वित्तीय समावेशन के केंद्र में रहा है। एयरटेल के साथ हमारी साझेदारी न केवल समावेशी विकास के लिए भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाती है, बल्कि भारत के दो अग्रणी और सबसे भरोसेमंद ब्रांडों की विशेषज्ञता और पहुंच को भी एक मंच पर लेकर आती है। एयरटेल के साथ मिलकर, हम भारतीयों के लिए पसंदीदा फाइनेंसर बनना चाहते हैं और लाखों लोगों को दूरदराज के इलाकों में भी वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना चाहते हैं। हम एक ऐसे समय में एयरटेल के साथ साझेदारी करकर उत्साहित हैं जब बजाज फाइनेंस दक्षता बढ़ाने और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआई की शक्ति का उपयोग कर रहा है। अब तक एयरटेल थैंक्स ऐप पर बजाज फाइनेंस के दो उत्पादों का परीक्षण किया जा चुका है। मार्च तक एयरटेल थैंक्स ऐप पर बजाज फाइनेंस के चार उत्पाद ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे। इनमें गोल्ड लोन, बिजनेस लोन, को-ब्रांडेड इंस्टा ईएमआई कार्ड और पर्सनल लोन शामिल हैं। एयरटेल इस कैलेंडर वर्ष के दौरान बजाज फाइनेंस के लगभग 10 वित्तीय उत्पाद पेश करेगा। एयरटेल के ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप और बाद में इसके राष्ट्रव्यापी स्टोर नेटवर्क के माध्यम से एयरटेल-बजाज फिनसर्व इंस्टा ईएमआई कार्ड के लिए आवेदन कर सकते है। एयरटेल-बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड बजाज फाइनेंस ग्राहकों को उपलब्ध कई तरह के ऑफर की सुविधा प्रदान करता है। उपयोगकर्ताओं को 4,000 से अधिक शहरों में 1.5 लाख से अधिक पार्टनर स्टोर पर इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर और किराने का सामान सहित विभिन्न सामान खरीदने के लिए सुगम्य ईएमआई विकल्पों और भुगतान योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अतिरिक्त, सह-ब्रांडेड कार्ड कई प्लेटफॉर्म पर ई-कॉमर्स लेनदेन के लिए भी मान्य है। एयरटेल थैंक्स ऐप अब ग्राहकों को गोल्ड लोन भी दिलाता है, जिससे नए क्रेडिट ग्राहकों को वित्त सुविधा दिलाने और औपचारिक वित्तीय प्रणाली के साथ जोड़ने में मदद मिलती है। इस साझेदारी के तहत, दोनों कंपनियां मजबूत नियामक अनुपालन, डेटा गोपनीयता और सुरक्षा तथा निर्बाध ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ग्रेटर नोएडा के बिसाहडा गांव में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, दो घायल



नोएडा, । ग्रेटर नोएडा के थाना जारचा क्षेत्र के बिसाहडा गांव में आज सुबह को दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर कई थाने की पुलिस पहुंची है। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोग को हिरासत में लिया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के घरों में घुसकर तोड़फोड़ कर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। इस घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त सौम्या सिंह ने बताया कि बिसाहडा गांव में रहने वाले सुमित और हिमांशु पक्ष में आज सुबह को किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष से काफी लोगों मौके पर एकत्र हो गए तथा एक-दूसरे के ऊपर ईंट, पत्थर फेंकने लगे। उन्होंने बताया कि इस घटना में सुमित और हिमांशु समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है, स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया में जुटी है। पुलिस अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है और किसी भी व्यक्ति को अफवाह फैलाने से बचने की सलाह दी है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हुई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता




नोएडा, 20 जनवरी (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा की एक अहम बैठक सेक्टर 5 स्थित हरौला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष नरेश कुच्छल व संचालन चेयरमैन राम अवतार सिंह ने किया। प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने कहा है कि देश में लाखों घरों का चूल्हा कारोबार पर निर्भर है। यह देश का सबसे बड़ा सेक्टर भी है। पर, दुर्भाग्य है कि सरकार द्वारा इतने बड़े सेक्टर की लगातार अनदेखी की जा रही है। प्रतिनिधि मंडल के चेयरमैन राम अवतार सिंह ने कहा कि सरकार को आगामी बजट में ट्रेड सेक्टर के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान रखना चाहिए, क्योंकि यह सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान देता आ रहा है। प्रतिनिधि मंडल के वरिष्ठ महामंत्री मनोज भाटी ने बताया कि देश में ट्रेड पॉलिसी लागू नहीं है। कम से कम सरकार को खुदरा व्यापारियों को ऑनलाइन ट्रेड से बचने के लिए कोई ठोस नीति अपनानी चाहिए, अन्यथा दोहरी मार झेल रहे छोटे व्यापारियों का तबाह होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि आए दिन व्यापारियों के साथ बड़ी आपराधिक घटनाएं घट रही है। ऐसे में व्यापारियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी किया जाना आवश्यक है। यह न केवल व्यापारियों के व्यक्तिगत सुरक्षा को बढ़ावा देगा बल्कि निवेश के माहौल को बेहतर भी बनाएगा। नरेश कुच्छल ने कहा कि सरकार को विशेष रूप से लेट रिटर्न पर लगने वाले 18% ब्याज को घटाकर सरकारी बैंकों की तरह 6% करना चाहिए। साथ ही साथ व्यापारियों के हित में जीएसटी पर व्यापारियों का दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़कर 25 लाख किया जाना चाहिए और 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 25 लाख का दुकान बीमा भी देना चाहिए। उन्होंने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से मांग की है कि 29 जून को व्यापारिक कल्याण दिवस को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित करना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा गठित व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की निमित्त बैठक भी की जानी चाहिए और जीएसटी एवं अन्य विभागों द्वारा व्यापारियों का अनावश्यक शोषण व दोहन रोकना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष नरेश कुच्छल, चेयरमैन राम अवतार सिंह, वरिष्ठ महामंत्री मनोज भाटी, महामंत्री सत्यनारायण गोयल, दिनेश महावर, संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, महेंद्र कटारिया, राधेश्याम गोयल, महेंद्र गोयल, महकार नागर, अनिल गर्ग, सोहनवीर, सुभाष त्यागी, बृजमोहन राजपूत, पीयूष वालिया आदि उपस्थित रहे।

# FedEx ने भारत में लॉन्च किया FedEx Surrou fd®: सप्लाई चेन में नई क्रांति

प्रात: किरण संवाददाता




20 जनवरी, 2025: दुनिया की अग्रणी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (FedEx) ने भारत में अपना नया समाधान FedEx Surroufd® लॉन्च किया है। यह उन्नत तकनीक सप्लाई चेन मैनेजमेंट को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए बनाई गई है। यह लगभग रियल-टाइम विजिबिलिटी, अक्र-संचालित पूवार्नुमान विश्लेषण, और उन्नत हैंडलिंग क्षमताओं से लैस है। FedEx Surroufd® ग्राहकों को उनकी शिपमेंट पर अधिक नियंत्रण, बेहतर विश्वसनीयता और अद्वितीय विजिबिलिटी प्रदान करता है। FedEx Surroufd® के मॉनिटरिंग और इंटरवेंशन सूट को तीन स्तरों में बांटा गया है—चुनिंदा, पसंदीदा, और प्रीमियम। यह हेल्थकेयर, एयरोस्पेस और हाई-टेक प्रोडक्ट्स जैसे संवेदनशील उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सेवा महत्वपूर्ण अपडेट और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करती है, जिससे शिपमेंट सुरक्षित और समय पर डिलीवर हो सके। यह नवाचार न केवल व्यवसायों को उनकी सप्लाई चेन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करेगा, बल्कि विभिन्न उद्योगों में विश्वसनीयता और कुशलता को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। FedEx Surroufd® ग्राहकों को बेहतर सुविधा और नियंत्रण प्रदान करता है। इस सेवा के तहत FedEx तीन मुख्य लाभ देता है: 1. लचीलापन और नियंत्रण : FedEx Surroufd® का डैशबोर्ड एआई और सेंसअवेयर आईडी तकनीक का उपयोग करके लगभग वास्तविक समय में वैश्विक विजिबिलिटी और पूवार्नुमान आधारित विश्लेषण प्रदान करता है। इससे शिपमेंट पर बेहतर नियंत्रण और लचीलापन मिलता है। 2. बेहतर सेवा और प्राथमिकता : स्पेशल हैंडलिंग कोड्स के जरिए ऑपरेशनल दक्षता में सुधार होता है। यह प्राथमिकता वाले बोर्डिंग, विशेष देखभाल की जरूरत वाले कोल्ड चेन सपोर्ट, और मजबूत नेटवर्क हस्तक्षेप की सुविधा प्रदान करता है। 3. 24ा7 मन की शांति : ग्राहकों को हर समय विशेषज्ञ सहायता मिलती है। हब, रैंप और स्टेशनों पर डेडीकेटेड टीम्स सक्रिय निगरानी और जरूरत के अनुसार हस्तक्षेप करती हैं, जिससे सुरक्षित और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित होती है। यह सेवा व्यवसायों के लिए शिपमेंट की प्रक्रिया को अधिक सुगम और भरोसेमंद बनाती है। FedEx में मार्केटिंग और एयर नेटवर्क, MEISA के वाइस प्रेसीडेंट नितिन नवनीत टाटीवाला ने कहा, हमारे लिए नवाचार का मतलब है असली दुनिया की समस्याओं का साहसिक समाधानों से हल करना। उन्होंने बताया कि FedEx Surroufd® EAfB, मशीन लर्निंग और डेटा का उपयोग कर व्यवसायों की सप्लाई चेन को ज्यादा स्मार्ट और लचीला बना रहा है। यह तकनीक संभावित व्यवधानों का पहले ही पता लगाकर, बेहतर निर्णय लेने और हर चरण में मन की शांति सुनिश्चित करने में मदद करती है। FedEx Surroufd® का लॉन्च कंपनी की ग्लोबल ट्रेड को आसान और सुरक्षित बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह नया समाधान FedEx के अन्य डिजिटल टूल्स जैसे FedEx डिलीवरी मैनेजर, FedEx वन स्टॉप शॉप, FedEx® इंटरनेशनल कनेक्ट प्लस (FICP), और FedEx इंपोर्ट को और बेहतर बनाता है। ये टूल्स लॉजिस्टिक्स को सरल बनाकर व्यवसायों को उनकी वैश्विक पहुंच बढ़ाने में मदद करते हैं।

# पूर्वांचल व बिहार वासियों के साथ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने खाया लिट्टी-चोखा



उम्मीद से भी ज्यादा आए लोगों को देख गदगद हो उठे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भाजपा के आईटी एंड इलैक्ट्रिकल कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधानसभा के विधायक पंडित सुनील शर्मा द्वारा पूर्वांचल बिहार वासियों के बीच अपने रिश्तों को और भी ज्यादा मजबूत करने के लिए सामाजिक सदभाव के रूप में लिट्टी चोखा कार्यक्रम का आयोजन करते हुए एक मिलन समारोह का आयोजन किया। आयोजित किए गए इस लिट्टी चोखा कार्यक्रम में उम्मीद से भी ज्यादा आए पूर्वांचल बिहार वासियों को देख कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पूरी तरह से गदगद होते हुए दिखाई पड़ रहे थे और उनकी यह खुशी उनके चेहरे पर देखने को मिल रही थी। कार्यक्रम में लगभग 5000 लोगों से भी ज्यादा लोग आए और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ लिट्टी चोखा का आनंद लिया और इस आयोजन के लिए उन्हें बधाई देते हुए उनका आभार भी व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की ओर से रविवार को वसुंधरा सेक्टर 10 में राधा गोविंद वाटिका फार्म हाउस पर लिट्टी चोखा भोजनोत्सव का यह भव्य आयोजन किया। सुनील शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा किए गए इस लिट्टी चोखा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उनकी साहिबाबाद विधानसभा में बसे सभी पूर्वांचल बिहार बासियों को एकजुट करना एवं भाइचारे को मजबूती प्रदान करना है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लिट्टी चोखा का आनंद लेते हुए कहा कि लिट्टी- चोखा सिर्फ एक व्यंजन नहीं, बल्कि पूर्वांचल बिहार की संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि इस व्यंजन ने भारतीय और विदेशी दोनों लोगों को आकर्षित स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लिट्टी चोखा सेहतमंद माना जाता है। दोपहर 12:00 से शुरू हुआ यह कार्यक्रम शाम को 5:00 तक लगातार चलता रहा और वहां आने वाले सभी लोग लिट्टी चोखा का भरपूर आनंद उठाते रहे। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के सभी समर्थक मंडल अध्यक्ष एवं निगम पार्षद पूर्ण स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लिट्टी चोखा सेहतमंद माना जाता है। दोपहर 12:00 से शुरू हुआ यह कार्यक्रम शाम को 5:00 तक लगातार चलता रहा और वहां आने वाले सभी लोग लिट्टी चोखा का भरपूर आनंद उठाते रहे। अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री संतोष मिश्रा जी ने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के सभी समर्थक , अखिल भारत हिन्दू महासभा के कई पदाधिकारी, एवं प्राचीन शिव शक्ति मंदिर सेवा ट्रस्ट हिमालया एनक्लेव खोड़ा कॉलोनी के अध्यक्ष श्री विनोद तिवारी जी के साथ सभी पदाधिकारी विनोद कुमार नगर, सूरज सिंह कुशवाहा, परमात्मा यादव कृष्ण स्वरूप वर्मा , संदीप मिश्रा एवं राजकुमार शर्मा सभासद, देव शर्मा, अजनेश शर्मा , अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा खोड़ा मंडल के अध्यक्ष श्री रूप चंद तिवारी, महामंत्री श्री रंजीत पाण्डेय जी मंत्री श्री संतोष मिश्रा जी आदि मौजूद रहे ।

## सीएमओ ने हरी झण्डी दिखाकर किए सारथी वाहन रवाना

बदायूँः। जनपद में सारथी वाहन का शुभारम्भ सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उनके कार्यालय से किया गया।

जनपद स्तर पर 23 जनवरी तक 02-02 सारथी वाहन 04 दिन तक संचालित किया जायेगे।

जो जनपदीय मुख्यालय क्षेत्र के साथ-साथ ऐसे स्थान में चलाया जायेगा।

जहां अर्बन स्लम, झुग्गी झोपड़ी तथा अर्बन पुअर निवास करते हा।

इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर भी सारथी वाहन संचालित किये जायेगें।

जो नगरीय क्षेत्र व समस्त ब्लाक के राजस्व ग्रामों में परिवार नियोजन संबंधी जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार करेंगे।

इस अवसर पर डॉ0 श्रीमोहन झा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 निरंजन सिंह नोडल अधिकारी परिवार नियोजन, डॉ0 पवन जायसी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे

## एडीजे ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

बदायूँः । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ श्रीमती शिव कुमारी द्वारा जिला कारागार बदायूँ का संयुक्त निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बन्दी जो दंण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436क से अच्छादित हैं तथा अपनी आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं उससे सम्बन्धित बंदियों की सूची व इनकी रिहाई के सन्दर्भ में किये गये कार्यवाही उपलब्ध कराये जाने हेतु अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया जिला कारागार बदायूं में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना गया, उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया गया। इसी कम में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, एवं महिला कैदियों से भी एक-एक कर पूछताछ की गयी, निरीक्षण के समय सरोजिनी नायडू वार्ड/महिला कक्ष में 46 महिला बन्दी निरूद्ध है, महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे 04 बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों से पूछताछ की गयी व दवाओं का रख-रखाव भी देखा गया। इसके अतिरिक्त 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकद्दमा दायर होने से पूर्व प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। इसी कम में निरीक्षण के दौरान कारागार में तृतीय श्रेणी कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, देवेन्द्र कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, विवेक कुमार, चीफ एल०ए०डी०सी०, ब्रहमानन्दन गौतम, डिप्टी चीफ एल०ए०डी०सी०, सत्यवीर सिंह, असिस्टेंट एल०ए०डी०सी०, राकेश कुमार, असिस्टेंट एल०ए०डी०सी०, कुमारी कशिश सक्सेना, अधीक्षक, राजेन्द्र कुमार, कारापाल, कुंवर रणजय सिंह, उपकारापाल मो० खालिद, उपकारापाल, श्रीधर यादव, श्री गणेश चन्द्र चतुर्थवेर्दी. चिकित्साधिकारी, डॉ० हरीश कुमार सिंह, फार्मासिस्ट, गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# फरीदाबाद:टैंट के गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान नष्ट



प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। फरीदाबाद के ऊंचा गांव में रविवार देर रात एक टेंट के गोदाम में भीषण आग लग गई। एलपीजी सिलेंडर का ब्लास्ट होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई। आग से गोदाम में रखा टेंट का सामान और एक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग के धुएं की चपेट में आने से चौकीदार बेहोश हो गया। गोदाम के मालिक ललित को पड़ोस में रहने वाले एक वकील से फोन पर सूचना मिली कि उनके गोदाम से विस्फोट की आवाज आई है और आग लग गई है। ललित ने तुरंत अपने गांव फतेहपुर बिल्लौच से निकलते हुए डायल 112 पर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीमों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। घटना में एक बड़ी त्रासदी टल गई, जब गोदाम में मौजूद चौकीदार, जो धुएं से बेहोश हो गया था, को स्थानीय लोगों और बचाव दल ने समय रहते बाहर निकाल लिया। मालिक ललित के अनुसार इस हादसे में उन्हें लगभग 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के कारणों की जांच जारी है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

# 100 दिवसीय सघन टीवी अभियान अंतर्गत हुआ कार्यशाला का आयोजन

## जनपद की 131 ग्राम पंचायतें होंगी टी.बी. मुक्त

बदायूँः । मा0 प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से वर्ष 2025 तक भारत को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय सघन टी.बी. अभियान अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। अभियान आगामी 24 मार्च 2025 तक चलेगा। वहीं टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत के लिए 131 ग्राम पंचायतों ने टी.बी मुक्त होने का दावा प्रस्तुत किया है, जिसके सत्यापन उपरांत 24 मार्च को उनको टी.बी. मुक्त घोषित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी टी.बी. मरीज जांच से वंचित न रहे तथा उसे निर्धारित दवा समय से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह टी.बी. मरीज के संपर्क में रहे तथा वह नियमित रूप से दवाई ले, यह सुनिश्चित करें रोगी बीच में दवाई ना छोड़ें। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने जनपद के अधिकारियों, ग्राम प्रधानों, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक आदि से टी.बी. मरीजों के पोषण के लिए करीब 600 रुपए प्रति माह आगामी 06 माह तक देने के लिए सहमति पत्र बनाकर उन पर हस्ताक्षर कराने के लिए कहा ताकि कोषागार से उनके वेतन से धनराशि ली जा सके, इसके लिए जिला क्षय रोग अधिकारी को एक बैंक खाता भी खुलवाने के लिए कहा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 विनेश ने बताया कि जनपद बदायूं की जनसंख्या लगभग 40 लाख है। इनमें से 15 प्रतिशत लगभग 06 लाख लोगों को वल्नरेबल पापुलेशन अंतर्गत फोकस पर लिया जा रहा है। उन्होंने बताया अभी तक 142000 लोगों की मैपिंग, लाइन लिस्टिंग की जा चुकी है। जिन लोगों को फोकस पर लिया जा रहा है उसमें मुख्य रूप से 60 वर्ष की आयु से अधिक, कुपोषित लोग जिनका बीएमआई 18.5 से कम है, धूम्रपान, अल्कोहल का सेवन करने वाले, एचआईवी मरीज तथा ऐसे लोग जो पूर्व में टी.बी. के मरीज रहे हैं और वह लोग जो टी.बी. मरीजों के संपर्क में रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 6820 टी.बी. के मरीज हैं, जिनको नवंबर 2024 से प्रत्येक माह 1000 रुपए पोषण आदि के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से 1802 को विभिन्न संस्थाओं, अधिकारियों आदि द्वारा गोद लिया गया है वहीं 402 निःक्षय मित्र जनपद में हैं। उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत निक्षय शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत हेतु 06 मापदंड निर्धारित किए गए हैं।

# फरीदाबाद में गैस पाइपलाइन लीक होने से लगी आग, मची अफरा-तफरी




प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। फरीदाबाद में गैस पाइपलाइन में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखते ही आसपास के लोगों ने तत्काल बाल्टी और पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें काबू में नहीं आईं। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना सोमवार सुबह करीब पौने बारह बजे की है। हनुमान नगर की गली नंबर 5 में स्थित अदानी पीएनजी की गैस पाइपलाइन में अचानक आग लग गई। खेड़ी थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गैस लाइन के सुपरवाइजर को घटना की जानकारी दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन लीक होने के कारण यह आग लगी। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों की सतर्कता और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। अदानी गैस के अधिकारी पाइपलाइन में आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

सम्पादकीय

# मुफ्तखोरी के चुनाव

भाजपा का दिल्ली संकल्प-पत्र भी मुफ्त की रेवडिों का संकलन लगता है। इसी के साथ सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने मुफ्तखोरी के पिटारे खोल दिए हैं। यह मुफ्तखोरी का दौर है। यदि औसत आदमी को बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य मुफ्त में ही मिल जाएं। ह्यआयुष्मान भारतह्ण योजना के साथ 5 लाख रुपए तक का इलाज (यानी 10 लाख रुपए तक मुफ्त) भी ह्यफ्रीह्ण में उपलब्ध हो जाए। यदि 2100 रुपए से 2500 रुपए तक माहवार मुफ्त में ही महिलाओं को मिलते रहें, यदि बुजुर्गों की पेंशन भी 2500-3000 रुपए तय कर दी जाए, तीर्थ-यात्रा भी मुफ्त में कराई जाए, बस-यात्रा और मेट्रो-यात्रा भी मुफ्त या आधी हो जाए, देश भर में 81 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त अनाज बांटने के अतिरिक्त 5 रुपए में भरपेट खाने की योजना भी मिल जाए, तो बेहद अहम सवाल है कि काम कौन और क्यों करेगा? यदि देश में कमेरों की संख्या लगातार कम होती जाएगी, तो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का क्या होगा? औसत व्यक्ति की मांग, उपभोग ही कम होते जाएं, तो उत्पादन और बाजार के हालात कैसे होंगे? जिस देश में अधिकतर आबादी मुफ्तखोरी पर जिंदा हो, तो उसकी अर्थव्यवस्था ह्यविकसितह्ण कैसे हो सकती है? पहले किसी भी चुनाव में, रात के अंधेरों में, शराब के साथ नोट भी बांटे जाते थे, लेकिन अब खुल्लमखुल्ला पैसा ही नहीं, साड़ी, कंबल, चादर, जूते-चप्पल और सोने की चेन (जैसी चर्चा है) तक बांटी जा रही हैं। आचार-संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सब खामोश और मूकदर्शक बने हैं। यह जनादेश का चुनाव है या एक-एक वोट खरीदा जा रहा है अथवा लोकतंत्र ही बेचा जा रहा है। मुफ्तखोरी की इस राजनीति ने आम आदमी को ह्यभिखारीह्ण ही बना दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के दो बयान गौरतलब हैं, लेकिन विरोधाभासी भी हैं। प्रधानमंत्री ने करीब दो साल पहले, किसी चुनाव में ही, कहा था कि रेवडिों की संस्कृति से देश का बंटाधार हो जाएगा। देश की अर्थव्यवस्था के लिए यह बहुत खतरनाक है। दूसरा बयान था-रेवड़ी कल्चर जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश है। विरोधाभास यह है कि प्रधानमंत्री की पार्टी भाजपा ही सबसे अधिक, व्यापक स्तर पर, रेवडिां बांट रही है। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीति तो दिल्ली, पंजाब तक सीमित है।

कांग्रेस की तीन राज्यों में ही सरकारें हैं। भाजपा-एनडीए की सरकारें 20 से अधिक राज्यों में हैं। सवाल है कि देश प्रधानमंत्री के बयान पर भरोसा करे अथवा चुपचाप मुफ्तखोरी का माल ग्रहण करता रहे? आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तो रेवडिों को भगवान का प्रसाद माना है। आप की दलीलें हैं कि उद्योगपतियों के 15-16 लाख करोड़ रुपए माफ किए जा सकते हैं, तो आम आदमी को कुछ सुविधाएं देना भी कल्याणकारी सरकारों का दायित्व है। दिल्ली चुनाव में मुफ्तखोरी की तो बहार है, लेकिन किसी भी दल ने नौकरी, रोजगार मुहैया कराने की चरणबद्ध योजना की घोषणा नहीं की है। यह प्रवृत्ति फिलहाल तो दिल्ली चुनाव में ही देखी जा रही है, अलबत्ता अन्य राज्यों के चुनावों में भी ऐसा लगता है मानो खुलेआम रिश्वत बांटी जा रही है! दिल्ली में भाजपा को यह घोषणा भी करनी पड़ी है कि यदि उनकी सरकार आई, तो ह्यआपह्ण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को भी जारी रखा जाएगा। उन्हें अधिक कारगर और भ्रष्टाचार-मुक्त बनाया जा सकता है। यदि भाजपा ह्यआपह्ण सरकार की योजनाओं को भी जारी रखना चाहती है, तो सवाल है कि फिर भाजपा को ही जनादेश क्यों दिया जाए? बहरहाल अभी देश पर करीब 200 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। यह कर्ज क्यों लेना पड़ा, देश के सामने स्थिति साफ नहीं है, लेकिन जीडीपी का मोटा हिस्सा कर्ज चुकाने में ही खर्च हो जाता है। राज्यों पर भी 3 लाख करोड़ से लेकर 7.5 लाख करोड़ रुपए तक के कर्ज हैं। दिल्ली अर्द्धराज्य में भी 15,881 करोड़ रुपए का वित्तीय घाटा दिखाया गया है। ऐसे देश में मुफ्तखोरी की राजनीति करना, रेवडिों की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करना क्या देशहित में है? स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि देश की राजनीति इस समय मुफ्तखोर जनता को पैदा कर रही है। कई देशों में इस तरह की राजनीति के भयंकर परिणाम सामने आ चुके हैं। अब समय आ गया है कि मुफ्तखोरी की राजनीति को रोकने के लिए सभी दलों को देशहित में सोचना होगा। काम से दूर करना और मुफ्तखोरी की आदत डालने से भारत विकसित देश नहीं बन पाएगा। देश के हर नागरिक को डटकर काम करना होगा, आर्थिकी में सहयोग करना होगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुफ्त की सुविधाएं बांटने के बजाय दलों को सभी युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने होंगे।

# प्रवासियों से बढ़ेगा विदेशी निवेश

डा. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां भारत के प्रवासी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारत के प्रवासी भारत के राजदूत हैं और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में अब भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। इस सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी यह कहते हुए दिखाई दिए कि नए वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े।

गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों में रहा है तथा यह एफडीआई का अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निःसंदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक 8.2 फीसदी रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रुझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है।

# डॉक्टर और कंपनियों का कपट जाल : दवाओं की कीमत में उछाल

**नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपए का इंजेक्शन बारह हजार में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा अन्य दुकानों, जैसे सुपरमार्केट और कियोस्क में बेची जा सकती हैं, उनकी की कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार से हो। ये कीमतें पूरी तरह से स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं, इसलिए आपको एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।**





**प्रियंका सौरभ**
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपए का इंजेक्शन बारह हजार में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा अन्य दुकानों, जैसे सुपरमार्केट और कियोस्क में बेची जा सकती हैं, उनकी की कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार से हो। ये कीमतें पूरी तरह से स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं, इसलिए आपको एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।

देश में दवाओं की कीमत सरकार नहीं बल्कि डॉक्टर खुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं। कीमत फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज एक एग्जाम्पल है, ऐसा तमाम दवाओं में किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं, 20 साल में 40 हजार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के पास पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से ही एमआरपी तय करवा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार डॉक्टर दवाओं के रेट तय नहीं करते। दवाओं के रेट, दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होता है।

ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20-25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए. दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफैक्चरर की जानकारी, मैन्युफैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए, डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है। मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवन रक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है।

सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंडर में लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है, लेकिन सैकड़ों फॉर्मूले की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, जिसकी एमआरपी में मनमानी चल रही है। दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदलकर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदलकर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं।

फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ.दवाएँ बनाने को तैयार हो जाती है, बल्कि मनमानी कीमत भी तय कर देती है। यही नहीं इन कंपनियों से मोबाइल पर ही डील हो जाती है। तभी तो देश भर में डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा ही रहे हैं और मनमाफिक मूल्य पर बेच रहे है। डॉक्टर और हॉस्पिटल तो खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और माइक्रो पायलट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे ही एक्सपायरी निर्धारित होती है। अगर दवा में माइक्रो पायलट की क्वालिटी थोड़ी डाउन कर दी जाए तो मार्जिन बढ़ जाएगा, लेकिन एक्सपायरी का समय कम हो जाएगा। इसके पीछे कारण यह कि मटेरियल और एक्सपायरी को लेकर सरकार की कोई गाइडलाइन नहीं है। एक्सपायरी की डेट भी कंपनियाँ तय करती हैं। सरकार के कंट्रोल में जो दवाएँ हैं, इसे लेकर थोड़ी सख्ती है। बाकी मेडिसिन पर कोई खास निगरानी नहीं है। ये एक गंभीर विषय है कि दवा का निर्माण, आयात या बिक्री करने वाली कंपनियाँ ही दवा की कीमतें निर्धारित करती हैं।

नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपए का इंजेक्शन बारह हजार में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा अन्य दुकानों, जैसे सुपरमार्केट और कियोस्क में बेची जा सकती हैं, उनकी की कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार से हो। ये कीमतें पूरी तरह से स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं, इसलिए आपको एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।

# क्या आप भी जाएंगे कुंभ में स्नान के लिए?

**विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दशार्ता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था।**





**आर.के. सिन्हा**
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दशार्ता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही ह्यतीर्थराजह्ण के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। ह्यपद्म पुराणह्ण में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। ह्यमत्स्य पुराणह्ण में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहाँ विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।

अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप आएंगे तो

कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दशार्ता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं।

कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहाँ साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं।

# कांग्रेस का कार्यालय तो नया पर पार्टी की समस्यायें पुरानी

रहीम खान

भारतीय राजनीति में पांच दशक तक केन्द्र और राज्य की राजनीति में एकतरफा हुकुमत करने वाली कांग्रेस पार्टी 2014 के बाद लगातार राजनीतिक संक्रमण काल से गुजर रही है। जिससे बाहर निकलने के वह प्रयास अवश्य करती है परन्तु सफलता उस तरह की नहीं मिल पाती। लोकसभा चुनाव 2014 में उसके 44 सांसद, 2019 में 52 सांसद थे परन्तु राहुल गांधी की पदयात्रा का प्रभाव था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपने 100 सांसद तक पहुंच गई है। इसके बाद भी उसकी जो समस्यायें है कम होने का नाम नहीं ले रही है। उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कुछ अच्छा करेगी परन्तु ऐसा कुछ नहीं हुआ और दोनों जगह उसे निराशा का सामना करना पड़ा। कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरियां अपनी जगह यथावत है। इसमें सुधार की केवल बातें की जाती है। धरातल में इसके कोई सुधार होते दिखते नहीं। निरंतर पराजय से कार्यकर्ता से निराशा में डूबा हुआ है। जिला राज्य और केन्द्र तीनों जगह कांग्रेस संगठन कमजोर है। जिसके कारण कांग्रेस को हम कदम में एक नये संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे प्रतिकूल परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी ने अपने नये कार्यालय का उद्घाटन गत दिवस किया है यह अच्छी बात है। परन्तु पार्टी की जो समस्यायें है वह पुरानी है जब तक वह बाहर नहीं निकलेगी और सरकारें नहीं बनेगी तो वह एक मजबूत स्वरूप ग्रहण नहीं कर पायेगी। कांग्रेस की दिक्कत यह है कि वह चुनाव परिणाम के पश्चात अपने प्रदर्शन में ईमानदारी के साथ आत्ममंथन नहीं करती। उससे दूर भागती है जिसके कारण बेसिक समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता। कांग्रेस पार्टी का नया मुख्यालय जो इंदिरा भवन 9ए कोटला रोड नई दिल्ली है। इसके निर्माण में 252 रुपए का व्यय आया है। जिसकी आधारशिला 2009 में तत्कालिन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रखी थी। आर्थिक परेशानियों के कारण इस कार्यालय को बनने में पूरे 15 वर्ष लग गये। 46 साल बाद कांग्रेस का मुख्यालय बदला है। पुराना ऑफिस 24 अकबर रोड था। इस ऑफिस के डिजाइनर हफीज कान्ट्रेक्टर, निर्माण एंजेसी लार्सन एंड टूर्बो है। जब आधारशिला रखी गई तब इसकी लागत 172 करोड आंकी गई थी लेकिन देरी होने से इस लागत में 80 करोड का अधिक खर्चा आया। नये ऑफिस का क्षेत्रफल 1.82 एकड है। यह ऑफिस सभी तरह की अति आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। जिसमें आजादी के पहले व आजादी के बाद की सभी यादगार पलों को सजोया गया है।

भारत की महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम पर इसे रखा गया है। आईसीसी मुख्यालय कांग्रेस पार्टी के अपने दिग्गजों के दृष्टिकोण को बनाये रखने के निरंतर मिशन का प्रतीक है। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटले जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में भारत के स्वतंत्र आंदोलन का नेतृत्व करने वाली पार्टी के रूप में कांग्रेस आधुनिक लोकतांत्रिक और समतामूलन भारत के निर्माण के लिये अपने समपर्ण में दृढ रही है। नये मुख्यालय को पार्टी एवं उसके नेताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है। जिसमें प्रशासनिक संगठनात्मक और रणनीतिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिये आधुनिक सुविधायें है। यह भवन कांग्रेस पार्टी की दूरदृष्टिकोण को दशार्ता है। साथ ही इसके असाधारण अतीत को श्रद्धांजली देता है। जिसने भारत के राजनीतिक व सामाजिक तानेबाने का आकार दिया है। 24 अकबर रोड कार्यालय में कांग्रेस को चार प्रधानमंत्री दिये थे। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी.व्ही. नरसिम्हा राव एवं मनमोहन सिंह।

बहरहाल कांग्रेस का मुख्यालय नये भवन में शिफ्ट हो गया है। वर्तमान समय कांग्रेस कठिन राजनीतिक संघर्ष के दौर से गुजर रही है। जिसमें सुधार के लिये उसे गहन आत्ममंथन, गंभीर होमवर्क और योजनाबद्ध रोडमैप की आवश्यकता है। गठबंधन के दौर की राजनीति में उलझी कांग्रेस जब तक खुद को मजबूत नहीं करती और वह राज्यों में अपनी ताकत नहीं बढ़ाती तब तक उसके लिये कठिन समय समाप्त नहीं होगा। पार्टी कोशिश जरूर करती है परन्तु सफलतायें उसे आशा के अनुरूप नहीं मिल पाती। कांग्रेस को पलीता लगाने का काम कांग्रेस के भीतर ही विपक्षी स्लीपर सेल के सदस्य करते है।

# प्रोजेक्ट्स में मैनपावर बढ़ाएं, काम में तेजी लाएं : सीएम योगी

प्रात : किरण, संवाददाता



गोरखपुर, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि विकास परियोजनाओं में मैनपावर बढ़ाकर काम में तेजी लाई जाए। किसी भी परियोजना की गति सुस्त नहीं होनी चाहिए। हर परियोजना समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हो, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। यह भी जरूरी है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की ली जाए। हर प्रोजेक्ट की जिलाधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही प्रगति को लेकर एक निश्चित अवधि पर जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की जाए। सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जीडीए, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी समय-समय पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नियमित और संवेदनशील ढंग से सुनवाई करें। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करने के साथ शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लें। विगत कुछ वर्षों से गोरखपुर उद्यमियों के लिए पसंदीदा स्थल बनकर उभरा है। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे उद्यमियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। गीडा में उद्यमियों की समस्याओं को दूर करने और शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए ऑनलाइन मशीनरी को मजबूत किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स मीट को व्यावहारिक बनाने की हिदायत देते हुए कहा कि जनपद के सीडी रेशियो को 58 प्रतिशत से 75 प्रतिशत करने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई का क्रम थमना नहीं चाहिए। उन्होंने गो तस्करों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की भी हिदायत दी। उन्होंने पुलिस और फुट पेट्रोलिंग बढ़ाने और पीआरवी का रिस्पांस टाइम और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने ट्रैफिक प्रबंधन को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सड़कों पर गाड़ियां न खड़ी रहें। सभी वाहन तय पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों। ऑटो को भी उनके लिए निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑटो या ई-रिक्शा की स्टीयरिंग नाबालिगों के हाथ में न हो। सभी स्ट्रीट वेंडर्स को तय वेंडिंग जोन में व्यवस्थित किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक से लूटपाट करने का आरोपी दबोचा

लोनी, । लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने बाइक से छिनैती और लूटपाट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी दिल्ली के हर्ष विहार निवासी प्रिंस है। उसके पास से चोरी की बाइक और लूटा गया मोबाइल मिला है। बाइक दिल्ली से चोरी की गई है, जबकि मोबाइल वजीराबाद रोड पर एक व्यक्ति से छीना था। आरोपी के खिलाफ लूट, चोरी और गैंगस्टर ऐक्ट के तहत 12 केस दर्ज हैं। वह पहले भी जेल जा चुका है।

### जीएसटी अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

गाजियाबाद, 20 जनवरी (वेब वार्ता) । पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने सोमवार को जीएसटी अधिकारियों पर व्यापारियों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। व्यापार मंडल ने वाणिज्य कर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन जीएसटी अधिकारी को सौंपा है। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के बैनल तले कारोबारी सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित जीएसटी कार्यालय पहुंचे। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राम आग्रवाल, महानगर अध्यक्ष ओमदत्त गुप्ता ने कहा कि जीएसटी विभाग के अधिकारी उत्पीड़न कर रहे हैं। इसे बंद किया जाए। जीएसटी कर प्रणाली की जटिलताओं से व्यापारी दुखी हैं। इसे सरल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि व्यापारी कर देते हैं। इसके बाद भी उसे चोरों की तरह देखा जा रहा। विभाग उनके प्रतिष्ठानों पर पहरा बैठा रहा। इस तरह की गतिविधियां बंद होनी चाहिए। इस दौरान अनिल कुमार, अमित कुमार, राजकुमार, एससी शर्मा, एसपी कुमार, पंकज, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### देवा राजपूत जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

गाजियाबाद, । कांग्रेस पार्टी की छात्र विंग नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के जिला उपाध्यक्ष के पद पर देवा राजपूत का चयन हुआ। सोमवार को एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष ने नियुक्ति कर छात्रों के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद देवा राजपूत ने आभार जताते हुए कहा कि इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। साथ ही, छात्रों के हित में मजबूती से कार्य करेंगे।

### ओपीडी में सर्दी-जुकाम के मरीज अधिक पहुंचे

नोएडा, । जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को सबसे अधिक सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीज इलाज के लिए आए। ऐसे मरीजों की संख्या 300 से अधिक रही। सोमवार होने के कारण ओपीडी में काफी भीड़ रही। जिला अस्पताल में जनरल फिजिशियन के पास 700, नेत्र रोग में 250, त्वचा रोग विभाग में 200, हड्डी रोग विभाग में 300 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचे। अन्य चिकित्सकीय विभागों में मरीजों की भीड़ रही। अस्पताल में 2500 से अधिक नए मरीजों ने ओपीडी परामर्श लिया।

### महिलाओं-बच्चों ने हिमाचली नृत्य पेश किए

ग्रेटर। हिमाचल जनकल्याण समिति ने रविवार को रामईश इंस्टीट्यूशंन ऑडिटोरियम में सोमवार को नववर्ष और लोहड़ी मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि उद्यमी रजनीश रघुयाल, समिति के संरक्षक और रामईश इंस्टीट्यूशंन के चेयरमैन डॉ आरसी शर्मा ने की। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने हिमाचली नृत्य पेश किया। समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह पठानिया ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों, समिति के फाउंडर सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं, रक्तदाताओं और पढ़ाई में होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोनाली गुप्ता ने अतिथि के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लिया और फ्री हेल्थ कैंप भी लगाया।

### रणदीप भाटी गिरोह का इनामी बदमाश गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, । सेक्टर इकोटेक-1 पुलिस ने रणदीप भाटी गिरोह के बदमाश अमन भाटी को गिरफ्तार किया। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वह सैनिक फार्म हाउस के केयरटेकर से मारपीट और फायरिंग करने के आरोप में फरार था। पुलिस के मुताबिक आरोपी अमन भाटी घरबरा गांव का रहने वाला है। उसने अपने साथी माफिया भूपेंद्र के साथ मिलकर 18 दिसंबर को मोतीपुर गांव स्थित सैनिक फार्म हाउस के केयर टेकर के साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी। इस घटना के बाद से यह बदमाश फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने उसके साथी भूपेंद्र को पांच दिन पहले गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक अमन शासन की ओर से चिह्नित माफिया रणदीप भाटी गैंग का सक्रिय सदस्य है। वह अपने साथी भूपेंद्र के साथ मिलकर संगठित अपराध करता था।

## गाजियाबाद: शॉपिंग सेंटर में देह व्यापार का भंडाफोड़, पति-पत्नी साथ चला रहे थे धंधा

गाजियाबाद, । गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर स्पा और थेरेपी सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ कर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार शाम हुई कार्रवाई में 9 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। वैशाली सेक्टर-चार के श्रीराम प्लाजा में स्पा सेंटर और थेरेपी सेंटर संचालित हो रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां देह व्यापार कराया जा रहा है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने रविवार शाम पुलिस टीम के साथ माउंटेन स्पा एंड थेरेपी सेंटर और गोल्डन थेरेपी सेंटर पर छापा मारा। पुलिस ने महिला संचालिका और उसके पति कुलदीप निवासी विवेक विहार, दिल्ली और विक्की सोवती निवासी पूर्वी रोहताश नगर, शाहदरा के अलावा चार ग्राहकों को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा दोनों सेंटर पर गलत काम के लिए जबरन बुलाई गई 9 महिलाओं का रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू कराई गई महिलाओं से पूछताछ की गई तो पता चला कि वे नौकरी के लिए आई थीं। रिसेप्शनिस्ट की नौकरी देने के नाम पर उनके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए गए और फिर ब्लैकमेल कर उनसे जबरन देह व्यापार कराया जाने लगा। पुलिस की जांच में पता चला है कि देह व्यापार कराने वाले संचालक और मैनेजर ग्राहकों को महिलाओं और युवतियों के फोटो भेजते थे और फिर सौदा तय होने पर ग्राहक को अपने ठिकाने पर बुलाने के बाद देह व्यापार कराया जाता था। आरोपियों के खिलाफ पुलिस की जांच में इन महिलाओं के बयान भी पुलिस ने दर्ज कराए हैं। इनके खिलाफ पुलिस गैंगस्टर ऐक्ट के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। पत्नी के साथ चला रहा था देह व्यापार ट्रांस हिंडन एरिया आए दिन देह व्यापार के ठिकानों पर छापा मारकर भंडाफोड़ किया जा रहा है। इसके बावजूद इन पर लगाम नहीं लग रही है। चंद रोज पूर्व भी पुलिस ने इंदिरापुरम क्षेत्र में देह व्यापार का पदार्फाश किया था। इससे अलावा शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, खोड़ा व अन्य स्थानों पर भी कई बार देह व्यापार का कार्य पकड़ा जा चुका है। पुलिस जांच में सामने आया है कि माउंटेन स्पा एंड थैरेपी सेंटर का संचालक कुलदीप अशिक्षित है। वह दसवीं पास पत्नी के साथ कई माह से देह व्यापार का गलत काम कर रहा था।

## शातिर बदमाश मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार, बुलंदशहर और नोएडा में दर्ज हैं कई मामले

प्रात : किरण, संवाददाता




नोएडा, । नोएडा के थाना फेस 2 पुलिस और बदमाश के बीच सोमवार सुबह मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल होने के बाद गिरफ्तार हुआ है। उसके खिलाफ बुलंदशहर और नोएडा के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 20 जनवरी को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस सेक्टर-92 नोएडा रेड लाइट पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, तो वह नहीं रुका और तेजी से एनएसईजेड मेट्रो की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति का पीछा किया, तो मोटरसाइकिल सवार ग्रीन बेल्ट के किनारे नाले की पटरी की तरफ भागने लगा। इसके बाद पुलिस की दूसरी टीम ने उसे सामने से घेरने का प्रयास किया। पुलिस टीम को सामने से भी आता देख और स्वयं को घिरता देखकर बदमाश ने मोटरसाइकिल वहीं गिराकर पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान ललित (30), थाना अनूपशहर, जिला बुलंदशहर के रूप में हुई है। घायल बदमाश के कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिंदा कारतूस और 1 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बदमाश का काफी बड़ा आपराधिक इतिहास है, जिसके खिलाफ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व जिला बुलंदशहर के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। यह फुटपाथ या बंद पड़ी कंपनियों में रहता है और मौका पाकर चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देता है। बदमाश के बारे में अन्य जानकारी की जा रही है। अभी तक बदमाश पर दर्ज 17 मुकदमों की जानकारी जुटाई गई है।

## नोएडा : पुलिस और बदमाशों के गैंग के बीच मुठभेड़ में चार नेपाल के रहने वाले बदमाश गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता



नोएडा, । नोएडा पुलिस और बदमाशों के बीच बीती देर रात मुठभेड़ हुई है, जिसमें पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध हथियार, चोरी की बाइक समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं। यह बदमाश नेपाल के रहने वाले हैं और यहां पर बंद दुकानों के शटर तोड़कर चोरी का काम करते थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 20 जनवरी को थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा चौड़ा गांव के पास चेकिंग की जा रही थी। तभी दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर तथा दो व्यक्ति पैदल सेक्टर-54 टी पॉइंट पर आपस में बात करते हुए दिखाई दिए। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने सभी व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया, तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर उनकी मोटरसाइकिल असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गई। इसके बाद मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिस पर पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान जाहर सिंह, जिला बाजुरा नेपाल के रूप में हुई है। मोटरसाइकिल सवार दूसरे बदमाश दीपक गिरी उर्फ.दम बहादुर, जिला बाजुरा, नेपाल को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है। अन्य दो बदमाश झरेंद्र, जिला कैलाली, नेपाल और विनोद थापा, जिला बाजुरा, नेपाल को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि बदमाशों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, 2 अवैध तमंचे, 1 खोखा, 2 जिंदा कारतूस, 2 अवैध चाकू, 1 सब्बल, 1 पेचकश व चोरी के 40,000 रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके द्वारा घूम-फिरकर मकान व दुकान के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। बदमाशों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## बदमाशों ने युवक से मोबाइल फोन छीना

प्रात : किरण, संवाददाता



नोएडा, । बाइक सवार दो बदमाशों ने सेक्टर-58 क्षेत्र में कंपनी के बाहर घूम रहे युवक से मोबाइल फोन छीन लिया। घटना 12 जनवरी की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित प्रियांशु ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-58 स्थित एक पीजी में रहते हैं। वह 12 जनवरी की रात सेक्टर-58 स्थित प्राइवेट कंपनी के बाहर घूम रहे थे, तभी बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उनका कीमती मोबाइल फोन छीन लिया। उन्होंने शोर मचाते हुए बदमाशों का काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन उन्हें पकड़ने में सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

## दहेज के लिए नव विवाहिता की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार


प्रात : किरण, संवाददाता



नोएडा, । थाना फेस-2 क्षेत्र के नया गांव में रहने वाली एक नवविवाहित की उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगा है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि प्रवीन (22 वर्ष) पत्नी असलम नयागांव में रहती थी। वह मूल रूप से जनपद औरैया की रहने वाली थी। उनकी असलम से 11 माह पूर्व शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि प्रवीन का शव शनिवार की देर रात को उसके घर पर पंखे के फंदे से लटका हुआ मिला। इस मामले में उनके ससुराल पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचित किया कि उन्होंने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या किया है। उन्होंने बताया कि महिला की शादी 11 माह पूर्व हुई थी। इसलिए अपर पुलिस उपायुक्त की देखरेख में महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को महिला के परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए उसकी हत्या की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने उसके पति असलम और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

## नोएडा: लाखों रुपये के नोजल चोरी होने के मामले में मुकदमा दर्ज, जांच जारी

प्रात : किरण, संवाददाता



नोएडा, । शहर में सेक्टर-78 स्थित वेदवन पार्क से कुछ दिन पहले लाखों रुपये के नोजल चोरी किए जाने के मामले में रविवार को थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर 113 के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि थाने में दर्ज शिकायत में कहा गया है कि गत 14 जनवरी की रात को अज्ञात चोरों ने वेद वन पार्क में लगे फव्वारे के नोजल चोरी कर लिए। उन्होंने बताया कि चोर रात के अंधेरे में 160 नोजल चोरी कर ले गए जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है। चोरी की घटना के बाद पार्क में होने वाला लोकप्रिय लेजर लाइट शो बंद करना पड़ा है। शर्मा के अनुसार शिकायत के बाद सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पार्क के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस कुछ संदिग्धों की पहचान करने का दावा भी कर रही है। वेदवन पार्क का उद्घघाटन 2023 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। यह पार्क ऋषि-मुनियों की वैदिक थीम पर आधारित है।

पार्क में चारों वेदों से संबंधित जानकारी और अनूठी संरचनाएं हैं, जिससे यह पिछले कुछ महीनों में पर्यटकों के बीच खासा लोकप्रिय हो गया।

मामले की जांच नोएडा प्राधिकरण की ओर से भी की जा रही है।

## बैलर क्रिकेट एकेडमी ने एक रन से डीएस क्रिकेट एकेडमी को हराया

प्रात : किरण, संवाददाता

गाजियाबाद, । शास्त्री नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में खेले जा रहे किंग कप क्रिकेट टूनार्मेंट में सोमवार को मैच में बैलर क्रिकेट एकेडमी ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए डीएस क्रिकेट एकेडमी को एक रन से हरा दिया।मैच में हरफनमौला खेल का प्रदर्शन करने वाले देव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। बैलर क्रिकेट एकेडमी ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और बल्लेबाजी करते हुए 38.4 ओवर में 176 रन बनाकर आउट हो गई।उसकी तरफ से श्रेष्ठ त्यागी ने 62 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा देव ने 40 रन, सम्राट ने 19 और अंश ने 13 रन की पारी खेली। विरोधी टीम की तरफ से यसार्थ शर्मा ने पांच विकेट, अग्रिम ने तीन और विकास ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का जवाब देने उतरी डीएस क्रिकेट एकेडमी की टीम लक्ष्य के करीब पहुंचकर जीत से चूक गई। डीएस की पूरी टीम 38.4 ओवर में 175 रन पर ढेर हो गई। प्रतीक ने सबसे ज्यादा 37, आलिम ने 28, कार्तिक गर्ग ने 15 और विकास ने 10 रन का योगदान दिया। नैतिक त्यागी को तीन विकेट,देव को दो विकेट और अंश को एक विकेट प्राप्त हुआ।40 रन की पारी खेलने के साथ दो विकेट भी लेने के लिए देव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## जमीनी विवाद में एक दूसरे पर की जमकर पत्थरबजी, वीडियो वायरल



प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा, । सड़कों पर मारपीट की घटना आम हो चुकी है। आए दिन सड़कों पर लोग एक दूसरे से भिड़ते रहते है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जहां दो पक्षों ने आपस में मारपीट और पत्थरबाजी की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला कोतवाली सेक्टर-126 का है। मारपीट की घटना यमुना खादर की है। जहां दो पक्षों में जमीन का विवाद चल रहा है। एक पक्ष की ओर से जहां पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंच गया। एक पक्ष में काम को झुकाने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई और मामला मारपीट में तब्दील हो गया है। बताया जा रहा है कि मारपीट कर रहे लोग आपस में परिवार के सदस्य है। इसमें से एक पक्ष सत्ता दल से जुड़ा हुआ है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्ष एक ही परिवार के है। जिनका जमीनी बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। वीडियो को संज्ञान में लेकर करवाई कर दी गई है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, अन्य की तलाश जारी है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## गाजियाबाद में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए गए

प्रात : किरण, संवाददाता

गाजियाबाद, । सिविल डिफेंस द्वारा जिला मुख्यालय में आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम में साइबर क्राइम से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए गए। साइबर विशेषज्ञ आदित्य कुमार ने बताया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल को न उठाएं। विदेशी नंबर की कॉल से भी सतर्क रहें। अंजाने लिंक को खोलने पर फोन हैक हो सकता है। किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम की सूचना तत्काल 112, 181 या फिर 1930 नंबर पर दें। साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि यदि किसी के बैंक से पैसे निकल जाएं तो तत्काल बैंक को सूचित करें तथा बेवसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं। ईमेल एड्रेस दुरुपयोग होने के बारे में जानकारी करने के विषय में भी बताया गया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षार्थियों को उपनियंत्रक रविंद्र प्रताप सिंह एवं सहायक उपनियंत्रक गुलाम नबी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## नोएडा में चेकिंग कर रही पुलिस पर गोली चलाकर भागा शातिर बदमाश घायल



प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा, । थाना फेस-दो पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। इस बदमाश के खिलाफ बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न थानों में 17 मुकदमें दर्ज है। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 20 जनवरी की सुबह के समय थाना से फेस दो पुलिस सेक्टर-92 की लाल बत्ती के पास चेकिंग कर रही थी, तभी एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस पार्टी ने उसे रूकने का इशारा किया तो वह रुकने की बजाए वहां से भागने लगा। उन्होंने बताया कि पीछा करके पुलिस ने उसे घेर लिया। अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देख बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से गोली चलाई। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली ललित पुत्र सुदर्शन निवासी अनूपशहर जनपद बुलंदशहर उम्र 30 वर्ष के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक देशी तमंचा, कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया है। उक्त बदमाश ने पुलिस को बताया है कि वह चोरी और लूटपाट की वारदातें करता है। इसके खिलाफ पूर्व में 17 मुकदमे दर्ज हैं। इसके पास से पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल, देसी तमंचा, कारतूस आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि बदमाश का काफी बड़ा आपराधिक इतिहास है, जिसके विरुद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व जिला बुलन्दशहर के कई थानो में मुकदमे पंजीकृत है। यह फुटपाथ या बन्द पड़ी कम्पनियों में रहता है और मौका पाकर चोरी व लूट की घटनाओं को अन्जाम देता है। बदमाश के बारे में अन्य जानकारी की जा रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025




# सिंगर तुलसी कुमार के साथ ताहा शाह का नया प्रोजेक्ट

संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' में एक्टर ताहा शाह बदुशा ने ताजदार नाम के नवाब का किरदार निभाया था। सीरीज की कहानी महिला किरदारों के ईद-गिर्द ही बुनी गई थी लेकिन इसमें ताहा शाह अपनी एक्टिंग से दर्शकों के बीच अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। उन्हें ताजदार के नाम से ही फैंस पुकारने लगे हैं। हाल ही में एक्टर ताहा शाह को एक नए प्रोजेक्ट की शूटिंग करते हुए देखा गया।

## तुलसी कुमार के साथ आए नजर

एक्टर ताहा शाह को हाल ही में सिंगर तुलसी कुमार के साथ शूटिंग करते हुए देख गया। सिंगर तुलसी कुमार अकसर ही अपने सिंगल सॉन्ग वीडियो निकालती हैं, साथ ही इसमें नए या नामी एक्टर्स को कास्ट करती हैं। ताहा शाह भी तुलसी के साथ एक नए सॉन्ग वीडियो की शूटिंग ही कर रहे हैं।

## सीन में रोमांस करते दिखे

सिंगल सॉन्ग की शूटिंग पर तुलसी और ताहा शाह सफेद लिबास पहने हुए एक सीन शूट कर रहे थे। दोनों सीन में इश्क फरमाते हुए नजर आते हैं। इस सीन को शूट करते हुए दोनों बीच में हंस भी पड़ते हैं। पहले भी तुलसी कुमार के रोमांटिक सिंगल सॉन्ग रिलीज हो चुके हैं। वह टी सीरीज के मालिक रहे गुलशन कुमार की बेटी हैं।

## सोशल मीडिया पर भी एक्टिव ताहा शाह

ताहा शाह सीरीज 'हीरामंडी' के अलावा भी कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुके हैं। एक्टिंग में वह आगे क्या कर रहे हैं, इसकी अभी इसके बारे में उनकी तरफ से कुछ नहीं कहा जा रहा है। लेकिन वह इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं। नके इंस्टाग्राम पर 2 मिलियन से अधिक फॉलोअर हैं।





# मैं टीवी में करियर नहीं बना पाऊंगी

बॉलीवुड अभिनेत्री पलक तिवारी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में, पलक ने बताया कि वह टीवी में अपना करियर नहीं बना पाएंगी। पलक तिवारी ने कहा कि मैं टीवी सेट पर बड़ी हुई हूं और पहली बार देखा कि काम कितना डिमांडिंग है। पलक ने कहा कि मुझे हमेशा से ही फिल्मों में दिलचस्पी रही है। पलक ने यह भी बताया कि ऐसा होने का कोई खास कारण नहीं है, यह कुछ ऐसा है, जो मेरे साथ जुड़ा रहता है। मेरी मां ने टीवी पर सब कुछ हासिल कर लिया है।

# 'इंस्पेक्टर जेंदे' में मुख्य भूमिका निभाएंगे मनोज बाजपेयी



'द फैमिली मैन सीजन 3' के बाद मनोज बाजपेयी एक बार फिर पुलिसवाले के किरदार में नजर आने को तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता नेटफ्लिक्स की आगामी फिल्म में नजर आ सकते हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'इंस्पेक्टर जेंदे' नाम की फिल्म बनाना चाहती है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में होंगे। उनके साथ अभिनेता जिम सर्भ भी नजर आएंगे। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म से जुड़ी जानकारियों अभी गुप्त हैं और इस परियोजना पर अभिनेता ने साइन कर दिया है। मनोज बाजपेयी, जो फिल्मों और वेब-सीरीज के कई शेड्यूल में व्यस्त हैं, नेटफ्लिक्स ड्रामा पर काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि फिल्म की टीम ने पहले ही फिल्म पर काम शुरू कर दिया है, जिसे मुंबई में एक ही शेड्यूल में शूट किया जाएगा और फरवरी तक यह शूट चलेगा।



# हॉलिडे में पति निक जोनास के साथ नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म हॉलिडे को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म के लिए प्रियंका को अपने पति और अमेरिकन गायक निक जोनास का साथ मिल गया है। इतना ही नहीं, फिल्म प्रियंका के साथ उनके दोनों देवर जो जोनास और केविन जोनास भी नजर आएंगे। हाल ही में प्रियंका को निक और उनके भाईयों के साथ हॉलिडे के सेट पर देखा गया था। इसकी शूटिंग टोरंटो में शुरू हो चुकी है। यह फिल्म डिज्नी हॉटस्टार पर दस्तक दे सकती है। फिलहाल इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। इससे पहले निक स्क्रीम क्वींस, किंगडम और जुमांजी : वेलकम टू द जंगल जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। इसके अलावा प्रियंका भारतीय सिनेमा में वापसी को लेकर भी चर्चा में हैं। निक इससे पहले स्क्रीम क्वींस, किंगडम और जुमांजी... जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।





# अब इस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी द राजा साब नई रिलीज डेट पर अटकलें तेज

साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी अगली फिल्म द राजा साब की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। दरअसल, इस संक्रांति को प्रशंसकों को बधाई देते हुए फिल्म के निर्माताओं ने बताया था कि यह फिल्म स्थगित कर दी गई है। वहीं, अब इसकी नई रिलीज डेट का इंतजार है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट से जुड़ी जानकारी सामने आई है। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। संक्रांति के मौके पर निर्माताओं ने द राजा साब का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म के पोस्टपोन होने की खबर पर मुहर लगाई थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा था कि जल्द सिनेमाघरों में मिलते हैं। हालांकि, निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट को खिसकाने की वजह का खुलासा नहीं किया था। वहीं, अब फिल्मी गलियारों में इसकी नई रिलीज डेट पर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के निर्माता अब द राजा साब को रिलीज करने के लिए जुलाई की तारीख पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की अनुसार, यह फिल्म 18 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं। हालांकि, इस पर अभी निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

## अजित बने प्रभास के लिए मुसीबत!

भले ही निर्माताओं ने फिल्म को पोस्टपोन करने की वजह का खुलासा नहीं किया, लेकिन यह साफ है कि सुपरस्टार अजित की फिल्म गुड बैंड अग्ली इसकी देरी की वजह बनी है। दरअसल, हाल ही में साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की भी बहुप्रतीक्षित फिल्म गुड बैड अग्ली की रिलीज डेट का एलान हुआ है, जो बॉक्स ऑफिस पर द राजा साब से भिड़ने की योजना बना रही थी। इससे पहले प्रभास की द राजा साब सोलो रिलीज हो रही थी, ऐसे में गुड बैंड अग्ली के निर्माताओं ने उसी दिन फिल्म को रिलीज करने का एलान कर दिया, जिससे सोलो रिलीज का फायदा खत्म हो गया।



# कार्तिक आर्यन की फिल्म में कैमियो करेंगे ये जवानी है दीवानी के सितारे!

कार्तिक आर्यन ने अपनी अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की घोषणा कर दी है, जिससे प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। वैसे, निर्माताओं ने अभी तक मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री की घोषणा नहीं की है। हालांकि, खबर आ रही है कि में शरवरी वाघ मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। वहीं, इस बीच फिल्म के कलाकारों को लेकर एक और दिलचस्प खबर आ रही है।

## इन सितारों का फिल्म में होगा कैमियो

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में ये जवानी है दीवानी के सितारे कैमियो करते नजर आएंगे। सभी मुख्य कलाकार एक खास भूमिका के लिए फिल्म में शामिल होंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है और ये जवानी है दीवानी की तर्ज पर है। ऐसे में निर्माता विशेष प्रस्तुतियों के लिए मूल सितारों को लाने पर विचार कर रहे हैं।

## इन मुद्दों पर काम कर रहे निर्माता

रिपोर्ट्स में आगे यह भी बताया गया है कि भले ही ये जवानी है दीवानी के सभी मुख्य कलाकार उपलब्ध न हों, लेकिन निर्माताओं ने उनमें से दो को इसका हिस्सा बनाने की कोशिश करेंगे। यह एक दिलचस्प कैमियो होगा, जो फिल्म को और खास बनाएगा। फिल्म में उन सितारों का कैमियो इस बात पर निर्भर करता है कि उन कलाकारों की तारीखें मेल खानी चाहिए। साथ ही लेखन प्रक्रिया के दौरान इस बात पर खास ध्यान दिया जाएगा कि उन सितारों का फिल्म में सहज परिचय होना चाहिए, न कि जबरदस्ती की भूमिका होनी चाहिए। इन सभी मुद्दों पर टीम ध्यान दे रही है।

## आधिकारिक घोषणा का इंतजार

रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर और कल्कि केकलां निर्देशक समीर विद्वांस की फिल्म में अपने किरदारों को फिर से जीवंत करने की उम्मीद कर रहे हैं। इस बारे में ज्यादा कुछ साझा नहीं किया गया है, लेकिन इस खबर ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। हाल ही में ये जवानी है दीवानी भी सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुई है, जिसके बाद से इस फिल्म की यादें ताजा हो गई हैं। हालांकि, इन सितारों का तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कैमियो होने की खबर पर फिलहाल आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है।

## फिल्म का एलान

तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के बारे में बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने एक प्रोमो वीडियो के साथ अगली रोमांटिक-कॉम की घोषणा की। कार्तिक आर्यन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर करण जौहर की प्रतिक्रिया साझा की, जिसमें लिखा था, टपर शुभ मुहूर्त का समय निकला जा रहा है रे... रूमी का बेसब्री से इंतजार है। इस पर कार्तिक ने जवाब दिया, इतना आसानी से थोड़ी मुंह दिखाई हो जाएगी।

# मुझे नहीं लगता कि देश एआई के लिए तैयार है, कंट्रोल करने वाले की नीयत पर निर्भर है

विनती कुमार सिंह ने बड़े पर्दे पर खूब अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। हालांकि वह अभी तक ट्रेडिशनल रोमांटिक रोल में नहीं नजर आए। उनका कहना है कि अगर इस तरह का अच्छा रोल आता है तो वह काम करना पसंद करेंगे। आखिर वह फिल्मों में ट्रेडिशनल रोमांटिक रोल में नजर क्यों नहीं आते? क्या वह ऐसे रोल करना नहीं चाहते या उन्हें ऐसे रोल के ऑफर नहीं आते। इसके जवाब में विनीत ने कहा, देखिए एक कलाकार के तौर पर आपके पास एक हद तक स्वतंत्रता होती है। जो चीज आपके पास आती है, आप उनमें से ही कुछ चुनकर आगे बढ़ सकते हैं। कई तरह की चीजें आती हैं लेकिन अभी तक उस तरह के रोल नहीं आए हैं। जिस दिन वैसे रोल आएंगे, उस दिन वैसा रंग भी दिखेगा। मगर हां, मैं काम करते रहना चाहता हूं, अच्छे लोगों के साथ काम करना चाहता हूं और अच्छी कहानियों का हिस्सा बनना चाहता हूं। बाकी भगवान की मर्जी। इतनी बड़ी दुनिया बनाई है तो कुछ तो सोचा होगा मेरे लिए।

## बॉलिवुड दोबारा वापसी करेगा

मैच फिक्सिंग फिल्म जिस तरह से उलझी राजनीति की कहानी है, उसे देखते हुए इस पर एजेंडा फिल्म का आरोप भी लग सकता है? इस बारे में विनीत क्या सोचते हैं? वह कहते हैं, कनवर खटाना जी, जिनकी किताब पर यह फिल्म है, उन्होंने आर्मी इंटेलिजेंस में एक लंबा वक्त बिताया है तो उनको बहुत सारी चीजों की जानकारी है, मसलन फील्ड में कैसे काम किया जाता है। वह सारी चीजें उन्होंने खुद अनुभव की हैं और ये कहानी उसी किताब पर आधारित है। यह किसी की बायॉपिक नहीं है बल्कि फिक्शन है लेकिन कहानी इतनी मजबूत है कि जब आप फिल्म देखेंगे तो यह चीज समझ आएगी कि जब किरदार में कॉम्प्लेक्स आता है तो वहां ड्रामा पैदा होता है। ऑडियंस ऐसे ही कहानियां पसंद करती हैं। मेरा फिल्म में जो किरदार है, उसके कई शेड्स हैं, वह बहुत सारी संवेदनशील चीजों से डील करता है।

## फिल्म में आर्मी ऑफिसर के रोल के लिए क्या-क्या तैयारियां कीं?

विनीत कहते हैं, एक एक्टर के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी है कि जो रोल मुझे मिलता है, उसकी मैं तैयारी करूं। बाकी सेट पर कर्नल आहलूवालिया थे, तो छोटी-छोटी डिटेल्स भी ध्यान रखी जाती थीं।


बॉलिवुड फिल्में फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहीं जबकि साउथ की पुष्पा 2 हिंदी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इस पर विनीत कहते हैं, कहावत है कि उत्थान पतन के झूले पर संसार झुलाया जाता है। तो बॉक्स ऑफिस पर यह ऊपर-नीचे लगा रहता है। आप नीचे जाते हो तो ज्यादा सीखते हो। कहा भी जाता है कि असफलता सिखाती है और तब ही मंथन होता है। जब मंथन होता है तो अमृत निकलता है। यह एक सतत प्रक्रिया है।

एआई को लेकर अभी तमाम सवाल सामने आएंगे

फिल्मी दुनिया में आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की खूब चर्चा हो रही है। आखिर वह फिल्ममेकिंग में एआई का भविष्य कैसे देखते हैं? क्या वह इसे खतरा मानते हैं या संभावना? इस सवाल पर विनीत कहते हैं, मुझे तो लगता है कि एआई के लिए अभी देश पूरी तरह तैयार ही नहीं है। क्योंकि हमारी एक क्षमता होती है। अगर मैं किसी को बोलूं कि आप किसी छोटे टॉपिक पर 10 पेज लिख लाइए तो यह लिखना मुश्किल हो जाएगा जबकि एआई वैसे 10 टॉपिक पर तुरंत लिखकर दे देगा। तो आप उस तरह की चीज से कम्पिटीशन करने जा रहे हैं। इसलिए आपको एआई का इस्तेमाल करते बहुत सावधानी बरतनी होगी और तमाम चीजें सीखनी होंगी। साथ ही क्रिएटिव राइट्स को कैसे प्रोटेक्ट किया जाए, यह एक बड़ी समस्या थोड़े समय बाद सामने आएगी। इसे ऐसे समझिए कि आपकी फिल्म का सीक्वल है, आप उसमें काम नहीं कर रहे लेकिन जो उसमें काम कर रहा है, वह आपका ही चेहरा है।

## जिनके पास होगा एआई का कंट्रोल, उनकी नीयत से पड़ेगा प्रभाव

अब एक्टर कहेगा कि मैंने तो इस फिल्म में काम किया नहीं, तो मेरा चेहरा कैसे! जबकि जिसके पास राइट्स हैं, वह कहेगा कि यह तो एक किरदार है, जो हमने बनाया था। वह कहेगा कि मैं सीक्वल बनाऊंगा लेकिन आपके साथ नहीं बनाऊंगा। हां, जो किरदार मैंने तैयार किया है, वह जरूर फिल्म का हिस्सा होगा। तो मेरे फिल्म एग्रीमेंट में वैसी कोई चीज नहीं होगी जिसके आधार पर मैं कुछ कह सकूं। मैं बस यह कह सकता हूं कि यह किरदार मैंने किया था, यह सुर मेरा था। तब मेकर कहेगा कि सुर आपका था, लेकिन किरदार तो मैंने तैयार किया था, आप इसके अंदर आए थे। तो जिस किरदार के अंदर आए थे, उसका अधिकार होगा या जो अंदर आया था, उसका अधिकार होगा, इस पर डिबेट होगी। ऐसे तमाम सवाल आने वाले समय में आएंगे। जिनके पास एआई और उससे जुड़े नियमों का कंट्रोल होगा, उनकी नीयत से भी काफी प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि काफी कुछ उनकी नीयत पर होता है जिनके एक फैसले से लोगों की जिंदगियों पर असर पड़ता है। तो अगर उन जिंदगियों के बारे में नहीं सोचा गया तो क्या होगा? ऐसे तमाम सवाल आएंगे आने वाले दिनों में।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 21 जनवरी,2025



## संक्षिप्त खबरें

### लक्ष्मी डेंटल का शेयर करीब 27 प्रतिशत की तेजी के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली, । ऑर्बिमेड समर्थित लक्ष्मी डेंटल का शेयर अपने निर्गम मूल्य 427 रुपये से करीब 27 प्रतिशत की तेजी के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 23.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 528 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 36.37 प्रतिशत चढ़कर 583.70 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने निर्गम मूल्य से 26.63 प्रतिशत उछाल के साथ 542 रुपये पर शुरूआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,129 करोड़ रुपये रहा। लक्ष्मी डेंटल के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बुधवार को 113.97 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ 138 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 560 करोड़ रुपये के 1.31 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए मूल्य दायरा 407-428 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।

### पनगढ़िया ने सिक्किम के मुख्यमंत्री से मुलाकात की

गंगटोक, । सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया और उनके दल ने सोमवार को गंगटोक स्थित राज्य सचिवालय में मुलाकात की। पनगढ़िया और उनके सहयोगी विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श के लिए पांच दिवसीय दौरे पर रविवार को सिक्किम पहुंचे थे। तमांग ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी, ह्यह्यआज सुबह, मुझे 16वें वित्त आयोग के माननीय चेयरमैन प्रोफेसर अरविंद पनगढ़िया तथा आयोग के सम्मानित सदस्यों व प्रतिष्ठित अधिकारियों से अपने कार्यालय ताशीलिंग सचिवालय में मिलने का मौका मिला।ह्वह्व अधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा के दौरान वित्त आयोग के सदस्य सरकारी अधिकारियों, स्थानीय निकायों, व्यापार एवं उद्योग निकायों तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति द्वारा मुख्य रूप से केंद्र तथा राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण पर अपनी सिफारिशें देने के लिए किया जाता है। अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व वाला 16वां वित्त आयोग 31 अक्टूबर तक अपनी सिफारिशें पेश करेगा।

### वीई कमर्शियल व्हीकल्स ने 500 एलएनजी ट्रकों की तैनाती के लिए बैद्यनाथ-एलएनजी के साथ किया समझौता

मुंबई। वीई कमर्शियल व्हीकल्स ने अपने 500 एलएनजी ट्रकों की तैनाती के लिए बैद्यनाथ-एलएनजी के साथ एक निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर करने की सोमवार को जानकारी दी। वीई कमर्शियल व्हीकल्स (वीईसीवी) लिमिटेड ने बयान में कहा, जारी वैश्विक वाहन प्रदर्शनी भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता पिछले साल अगस्त में दोनों भागीदारों के बीच हुए प्रारंभिक समझौते पर आधारित है। वीईसीवी वोल्वो समूह और आयशर मोटर्स लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद अग्रवाल ने कहा, एलएनजी के लंबी दूरी के परिवहन खंड में प्रमुखता हासिल करने के साथ आयशर ट्रक्स एंड बसेज ग्राहकों को समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, बैद्यनाथ एलएनजी जैसे अग्रणी एलएनजी प्रदाता के साथ साझेदारी ट्रांसपोर्टरों को एलएनजी को एक व्यवहार्य तथा पर्यावरण अनुकूल समाधान के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

### जेनएआई से सॉफ्टवेयर विकास में हो सकती है 20-40 प्रतिशत की बचतः रिपोर्ट

नई दिल्ली, । जनरेटिव एआई (जेनएआई) से सॉफ्टवेयर विकास चक्र में 20-40 प्रतिशत की बचत हो सकती है और दक्षता लाभ से होने वाली बचत को फिर से अधिक प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण के कारोबार में लगाया जा सकता है। एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार, बेहतर व्यवसाय के लिए बचत को नवीन प्रौद्योगिकी में वापस लगाए जाने की उम्मीद है, जेन एआई द्वारा प्रौद्योगिकी खर्च को कम करने की संभावना नहीं है। जेनएआईः मिलेनियल शेपशिफ्टर टू ट्रांसफॉर्म सर्विसेज नामक रिपोर्ट में कहा गया, जेन एआई सॉफ्टवेयर विकास में 20-40 प्रतिशत की बचत कर सकता है। एक्सिस कैपिटल के संस्थागत शोध में प्रौद्योगिकी व्यय में कोई जोखिम नहीं दिखता है, क्योंकि इन बचत को बेहतर कारोबार के लिए नवीन प्रौद्योगिकरी में वापस लगाया जा सकता है। अग्रणी संस्थानों के शोधकर्ताओं ने तीन संगठनों के करीब 5,000 डेवलपर की उत्पादकता वृद्धि पर गौर किया और पाया कि कृत्रिम मेधा (एआई) ने सॉफ्टवेयर डेवलपर की उत्पादकता में 26 प्रतिशत की वृद्धि की है।

# सराफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,250 रुपये से लेकर 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,490 रुपये से लेकर 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 81,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 74,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 81,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शेयर बाजार की मजबूत शुरूआत

प्रात : किरण/एजेंसी

● सेंसेक्स 76,630 पर स्थिर, निफ्टी 23,290 .40 के स्तर पर




मुंबई, । भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच मजबूती के साथ शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 359.20 अंकों की बढ़त के साथ 76,978.53 पर खुला। वहीं निफ्टी 50 87.20 अंकों की तेजी के साथ 23,290.40 के स्तर पर दिन के कारोबार की शुरूआत की। हालांकि भारतीय बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। शुक्रवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 403.24 अंक गिरकर 76,639.58 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 में 108.60 अंक की गिरावट दर्ज की गई और यह 23,203.20 पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 17 जनवरी को 3,318.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके विपरीत घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,572.88 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बाजार खुलने के बाद 30-स्टॉक बीएसई सेंसेक्स में 17 स्टॉक्स बढ़त पर कारोबार करते दिखे। कोटक महिंद्रा बैंक ने 7.23 फीसदी की तेजी के साथ बढ़त बनाई, जबकि एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, और भारती एयरटेल भी बढ़ने वाले प्रमुख स्टॉक्स में शामिल हुए। वहीं गिरावट वाले स्टॉक्स में इंडसइंड बैंक 1.98 फीसदी गिरा इसके बाद अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, और आईसीआईसीआई बैंक शामिल थे। निफ्टी 50 में 18 स्टॉक्स बढ़त पर कारोबार करते दिखे। कोटक महिंद्रा बैंक ने यहां भी 8.22 फीसदी की तेजी के साथ लीड किया। इसके बाद विप्रो, एसबीआई, एनटीपीसी, और रिलायंस इंडस्ट्रीज बढ़ने वाले स्टॉक्स में रहे। गिरावट वाले स्टॉक्स में श्रीराम फाइनेंस 4.10 फीसदी गिरा, जबकि एसबीआई लाइफ, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, और एचसीएलटेक भी लाल निशान में थे। सेक्टर्स की बात करें तो प्राइवेट बैंक इंडेक्स 1.52 फीसदी की तेजी के साथ टॉप गेनर रहा। इसके बाद मीडिया इंडेक्स 0.98 फीसदी और निफ्टी बैंक 0.57 फीसदी ऊपर था। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स भी 0.66 फीसदी चढ़ा। इसके अलावा फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, आईटी, पीएसयू बैंक, और रियल्टी इंडेक्स में भी बढ़त दर्ज की गई। वहीं ऑटो इंडेक्स 0.65 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर रहा। इसके बाद मेटल इंडेक्स 0.44 फीसदी, फार्मा 0.13 फीसदी, हेल्थकेयर 0.25 फीसदी और ऑयल इंडेक्स 0.09 फीसदी गिरावट पर बंद हुए। अमेरिकी बाजारों ने भी शुक्रवार को बढ़िया प्रदर्शन किया।

## रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 86.46 डॉलर पर

रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.60 पर बंद हुआ था



प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई, घरेलू शेयर बाजारों और एशियाई मुद्राओं में सकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 14 पैसे की बढ़त के साथ 86.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर सूचकांक के ऊंच स्तर पर होने के साथ-साथ कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें अमेरिकी डॉलर/भारतीय मुद्रा की जोड़ी के लिए बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.48 प्रति डॉलर पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 86.46 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की बढ़त दशार्ता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.60 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.10 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80.69 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,318.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## बारफ्लैक्स पॉलीफिल्म्स ने फ्लैट लिस्टिंग से निवेशकों को किया निराश, लिस्ट होते ही अपर सर्किट पर पहुंचे शेयर

नई दिल्ली, । फ्लैक्सिबल पैकेजिंग मैटेरियल्स बनाने वाली कंपनी बारफ्लैक्स पॉलीफिल्म्स के शेयरों ने आज फ्लैट लिस्टिंग से अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। हालांकि लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 60 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी बदलाव के 60 रुपये के स्तर पर ही हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद शेयरों की जोरदार खरीदारी हुई, जिससे थोड़ी ही देर में ये उछल कर 63 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। बारफ्लैक्स पॉलीफिल्म्स का 39.42 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 151.52 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 78.22 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 373.12 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 98.48 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 12.32 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 45,16,875 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अतिरिक्त प्लांट और मशीनरी की खरीदारी करने तथा आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 7.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। ये मुनाफा अगले वित्त वर्ष 2022-23 में उछल कर 10.13 करोड़ रुपये और 2023-24 में बढ़ कर 16.12 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इन वर्षों में कंपनी का राजस्व 11 प्रतिशत वार्षिक की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 116.12 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की बात करें, तो अप्रैल से लेकर नवंबर 2024 के बीच कंपनी को 13.49 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस अवधि में कंपनी 78.02 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त कर चुकी है।

## स्टॉक मार्केट में लक्ष्मी डेंटल की जोरदार एंट्री, 23 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए शेयर





प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । डेंटल प्रोडक्ट्स की डिजाइनिंग से लेकर मैन्युफैक्चरिंग करने का काम करने वाली कंपनी लक्ष्मी डेंटल के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 428 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर ये शेयर 528 रुपये के स्तर पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 542 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 23 प्रतिशत से अधिक का लिस्टिंग गेन मिल गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 584 रुपये के स्तर तक पहुंचा। दोपहर 11 बजे ये शेयर 561.95 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक 31.53 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। लक्ष्मी डेंटल का 698.06 करोड़ रुपये का आईपीओ 13 से 15 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 114.14 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 110.38 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 147.69 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 75.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 138 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 1,30,85,467 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज चुकाने नई मशीनरी की खरीदारी करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 में इसे 18.68 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में घट कर 4.16 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके बाद 2023-24 में कंपनी को 25.23 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। इस अवधि में कंपनी का राजस्व 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 195.26 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान कंपनी को 22.74 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। वहीं इस अवधि में कंपनी को 117.90 करोड़ रुपये का राजस्व मिल चुका है।

## देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी आटो एक्सपों में हुई पेश

एसपीईईडी ने बेंगलुरु स्थित सरला एविएशन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश किया गया। इस टैक्सी का नाम शून्य रखा गया है। इस लक्ष्य के लिए प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग फर्म सोना एसपीईईडी ने बेंगलुरु स्थित सरला एविएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सरला एविएशन भारत के सबसे बेहतरीन इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान विकसित करती है। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सरला एविएशन बूथ का दौरा किया और उड़ने वाली टैक्सी के प्रोटोटाइप में दिलचस्पी दिखाई और इसे ऐतिहासिक बताया। सोना एसपीईईडी मोटर्स इसरो के कई अंतरिक्ष मिशनों का हिस्सा रही है। यह समझौता सोना एसपीईईडी को देश में अर्बन एयर मोबिलिटी में क्रांति लाने में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करता है। सोना एसपीईईडी के एक अधिकारी ने कहा कि यह साझेदारी एयरोस्पेस इनोवेशन के हब रूप में सोना एसपीईईडी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य साथ मिलकर शहरी परिवहन के लिए एक स्वच्छ, तेज और अधिक कुशल भविष्य को आकार देना है। समझौता ज्ञापन के तहत, सोना एसपीईईडी कर्नाटक में अपनी अत्याधुनिक फैसिलिटी का इस्तेमाल सरला एविएशन के ईवीटीओएल विमान के लिए मोटर और लैंडिंग गियर जैसे क्रिटिकल कम्पोनेंट्स को डिजाइन और निर्माण करने के लिए करेगी। सरला एविएशन के अधिकारी ने कहा कि इंजीनियरिंग में सोना एसपीईईडी की विशेषज्ञता इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियों के लिए हमारे दृष्टिकोण को पूरी तरह से पूरा करती है। यह सहयोग अत्याधुनिक ईवीटीओएल टेक्नोलॉजी के साथ अर्बन मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने के हमारे मिशन को मजबूत करता है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख



नई दिल्ली, । ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे थे। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के पहले पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए थे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,996.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह नैस्डेक ने 288.72 अंक यानी 1.49 प्रतिशत उछल कर 19,627.01 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। आज मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे होने के कारण अमेरिकी बाजार में कारोबार नहीं होगा। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए थे। एफटीएसई इंडेक्स 113.32 अंक यानी 1.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,505.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,709.75 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 248 अंक यानी 1.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,903.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.11 प्रतिशत फिसल कर 23,212 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,808.59 के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, ताइवान वेटेड इंडेक्स 103.96 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,252.04 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,526.08 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 469.78 अंक यानी 2.40 प्रतिशत उछल कर 20,053.84 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## बैटरी इलेक्ट्रिक कार ईविटारा का भव्य अनावरण

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । ऑटो एक्सपो में अपनी पहली बैटरी इलेक्ट्रिक कार ईविटारा का मारुति सुजुकी इंडिया ने भव्य अनावरण किया। इस कार को कंपनी ने अपने वैश्विक रणनीतिक बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में पेश किया है। इस कार का निर्माण भारत में किया जाएगा और इसे यूरोप, जापान समेत 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाएगा। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट तोशीहिरो सुजुकी ने इसे भारत के लिए गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि भारत इस मॉडल का ग्लोबल प्रोडक्शन हब बनेगा। उन्होंने बताया कि उत्पादन मारुति सुजुकी के गुजरात प्लांट में शुरू होगा। ईविटारा दो बैटरी विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी, 49केडब्ल्यूएच और 61केडब्ल्यूएच, जो एक बार चार्ज होने पर लगभग 500 किलोमीटर की रेंज प्रदान करेगी। कार के इंटीरियर में प्रीमियम डुअल-टोन थीम का इस्तेमाल किया गया है। इसमें सॉफ्ट-टच अपहोल्स्ट्री, टचस्त्रीुअन डिस्प्ले, फ्री-स्टैंडिंग इंस्ट्रूमेंट पैनल और सेंट्रल कंसोल पर फिजिकल बटन दिए गए हैं। अन्य फीचर्स में फ्लैट बॉटम स्टीयरिंग व्हील, रोटरी गियर नॉब, 360-डिग्री कैमरा और कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी शामिल हैं। कंपनी ने ईवी चार्जिंग के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का भी वादा किया है। इसके लिए होम चार्जिंग समाधान और फास्ट चार्जिंग नेटवर्क विकसित किए जा रहे हैं। मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव पार्थो बनर्जी ने कहा कि ईविटारा के साथ एक विश्वसनीय ईवी इकोसिस्टम प्रदान करना कंपनी का लक्ष्य है। इस पहल से इलेक्ट्रिक वाहनों को सुलभ और आकर्षक बनाने की कोशिश की जा रही है।

## श्वेत वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना के तहत 24 कंपनियों का हुआ चयन

नई दिल्ली, । केंद्र सरकार ने व्हाइट गुड्स (श्वेत वस्तुओं) उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे दौर में 24 कंपनियों का चयन किया है, जिसमें कुल 3 निवेश प्रतिबद्धता 3,516 करोड़ रुपये है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीटीआईआई) ने व्हाइट गुड्स के लिए पीएलआई योजना के तीसरे दौर में 24 कंपनियों का चयन किया है, जिनकी कुल निवेश प्रतिबद्धता 3,516 करोड़ रुपये है। इसमें 18 नए आवेदकों के लिए 2,299 करोड़ रुपये और छह मौजूदा लाभार्थियों के लिए अतिरिक्त 1,217 करोड़ शामिल रुपये हैं। पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन विंडो के तीसरे दौर में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों की समीक्षा के बाद सरकार ने 18 नई कंपनियों का अनंतिम रूप से चयन किया है। इन कंपनियों में एयर कंडीशनर के कलपुर्जों के 10 निमार्ता और एलईडी लाइट के 8 निमार्ता शामिल हैं, जिन्होंने 2,299 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

## संक्षिप्त खबरें

### इजरायल ने बंधकों के बदले में 90 फिलिस्तीनी कैदियों को किया रिहा

यरूशलम। इजरायल ने गाजा पट्टी से तीन बंधकों की रिहाई के बदले में, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के साथ एक समझौते के तहत पहले चरण में 90 फिलिस्तीनी महिला कैदियों को रिहा कर दिया है। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने सोमवार को इजरायल जेल प्राधिकरण के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले हमास की ओर से तीन इजरायली महिला बंधकों की रिहा किया गया, जिसके बदले में इजरायल जल्द ही 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। उल्लेखनीय है अल-कस्साम ब्रिगेड (हमास की सैन्य शाखा) ने पहले कहा था कि उन्होंने इजरायल के साथ एक समझौते के तहत रविवार को तीन बंधकों को रिहा करने का फैसला किया है। इजरायली सेना ने बताया कि रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) ने बंधकों को इजरायली सेना को सौंप दिया है, जिसके बाद महिलाएं सुरक्षित स्वदेश पहुंच गईं हैं। गौरतलब है कि यह रिहाई उस समझौते का हिस्सा है, जिसमें इजरायल और हमास के बीच बंधकों को एक-दूसरे को सौंपने के लिए किया गया है। फिलिस्तीनी महिला कैदियों की रिहाई इजरायल की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो फिलिस्तीनी और इजरायली पक्षों के बीच तनावपूर्ण स्थिति को कुछ हद तक कम कर सकता है।

### कजान हवाई अड्डे पर अस्थायी उड़ान प्रतिबंध लागू

मास्को। रूस में कजान हवाई अड्डे पर विमान के आगमन और प्रस्थान के लिए अस्थायी तौर पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, ताकि नागरिक विमानन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश की रूसी वायु सुरक्षा निगरानी संस्था रोसावियात्सिया के प्रवक्ता आर्टेम कोरेन्याको ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता कोरेन्याको ने सोमवार को कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाया गया कि कजान के मेयर कार्यालय ने आपातकालीन स्थिति मंत्रालय के हवाले से नागरिकों को ड्रोन हमले के खतरे के बारे में चेतावनी दी थी। प्रवक्ता ने टेलीग्राम पर कहा, नागरिक विमानों की उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कजान हवाई अड्डे के संचालन के लिए अस्थायी तौर पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा, विमान चालक दल, हवाई यातायात नियंत्रक और हवाई अड्डा सेवाएं उड़ान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। यह उसकी मुख्य प्राथमिकता है।

### बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

ढाका। दो भारतीय नागरिकों और एक बांग्लादेशी दलाल को कुरीग्राम में फुलबारी सीमा के पास गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने का आरोप है। फूलबाड़ी थाना प्रभारी मामुनूर रशीद ने इसकी पुष्टि की। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, थाना प्रभारी रशीद ने कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बालारहाट शिविर के बटालियन-15 के सदस्यों ने तीनों को हिरासत में लिया और कल रात फूलबाड़ी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। यह घटना फुलबारी उपजिला के नाओडांगा संघ के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 933 के पास बालाटारी गांव में हुई। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों की पहचान भारत के पूर्व बर्धमान जिले की 28 वर्षीय रेशमा मंडल और दक्षिण 24 परगना जिले के 18 वर्षीय सौरव कुमार सपुई के रूप में हुई है। बांग्लादेशी दलाल कुरीग्राम जिले के नागेश्वरी उपजिला का 24 वर्षीय यूसुफ अली है। बीजीबी और पुलिस के अनुसार, रेशमा और सौरव एक-दूसरे से प्यार करते हैं। दोनों ने घर से भागकर बांग्लादेश में बसने का फैसला किया था।

### चीन में पहली बार 2024 में शिशु जन्मदर में आई बढ़ोत्तरी

बीजिंग। चीन में साल 2016 के बाद पहली बार 2024 में शिशु जन्मदर में 17 फीसदी को बढ़ोत्तरी देखी गई है। यह सब संभव हुआ है कि नकद प्रोत्साहन योजना की बदौलत। चीन 2016 से लगातार जन्म दर में गिरावट देख रहा है। पिछले सप्ताह जारी सरकारी आंकड़े के अनुसार, मध्य चीन के हुबेई प्रांत में करीब 10 लाख आबादी वाले शहर तियानमेन में 2023 की तुलना में 2024 में 1050 ज्यादा शिशुओं का जन्म हुआ है। यह आंकड़ा चीन के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर आया है क्योंकि बुजुर्ग होती आबादी और घटते जन्म दर से चीन लंबे समय से परेशान है। ये दोनों स्थितियां चीन के दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरी थीं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के तियानमेन शहर के आंगनों में गूंज रही किलकारियां स्थानीय सरकारों और प्रमुख कंपनियों की कैश स्कीम की बदौलत संभव हो सकी है।

# इजरायल ने तीन बंधकों के बदले 90 फिलिस्तीनी कैदियों को किया रिहा

प्रात: किरण/एजेंसी

तेल अवीव। इजरायल ने सोमवार को इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के तहत 90 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की घोषणा की। रविवार को इजरायली अधिकारियों ने फिलिस्तीनी बंदियों को पश्चिमी तट स्थित ओफर जेल में स्थानांतरित करना शुरू कर दिया तथा उनकी रिहाई की तैयारी शुरू कर दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रक्रिया तीन इजरायली बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए रेड क्रॉस की हमास से मुलाकात के बीच हुई है। तीनों महिला बंधकों को रिहा किया जा चुका है। तीन महिलाएं 28 वर्षीय ब्रिटिश-इजरायली एमिली डमारी, 30 वर्षीय पशु-चिकित्सा नर्स डोरोन स्टीनब्रेचर और 23 वर्षीय रोमी गोनेन, जिन्हें नोवा संगीत समारोह से अगवा किया गया था। 471 दिनों की कैद के बाद मुक्त होने वाली पहली बंधक थी।

उनकी रिहाई समझौते के प्रारंभिक चरण को चिह्नित करती है, जिसमें हमास द्वारा 33 इजरायली बंधकों और इजरायल द्वारा 990 से 1,650 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहा होंगे। समझौते के तहत 90 फिलिस्तीनी कैदियों के पहले समूह को रेड क्रॉस को सौंपने से पहले चिकित्सा जांच और पहचान प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा। जिनमें ज्यादातर पश्चिमी तट और पूर्वी येरुशलम से महिलाएं और बच्चे थे। बदले में, हमास ने रेड क्रॉस के माध्यम से तीनों इजरायली बंधकों को गाजा सीमा के पास इजरायली बलों को सौंप दिया, जहां उन्हें उनके परिवारों से मिला दिया गया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस क्षण को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, तीनों को नरक से गुजरना पड़ा। आईडीएफ प्रवक्ता डैनियल हगारी ने उनकी वापसी के लिए आभार व्यक्त किया तथा इस बात पर बल दिया कि इजरायली सेना समझौते के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ एक्ट करने को तैयार है। युद्धविराम समझौता, जिसका उद्देश्य गाजा में 15 महीने से अधिक समय से चल रहे इजरायली हवाई हमलों के बाद शत्रुता को रोकना है। इजरायल और हमास गाजा युद्धविराम समझौते के तहत एक-दूसरे के बंधकों को छोड़ रहे हैं।




# शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप की विक्ट्री रैली, बोले रूस-यूक्रेन युद्ध भी कराऊंगा खत्म

**शपथ ग्रहण की पूर्व संध्या पर ट्रंप ने समर्थकों से कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध भी खत्म करा देंगे और पश्चिम एशिया में अराजकता को बढ़ने से रोकेंगे। दावा किया कि अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए भी सबसे आक्रामक अभियान चलाने का आदेश देंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने उद्घाटन भाषण और कार्यकारी आदेशों की झड़ी को लेकर एक खाका खींच दिया। आत्मविश्वास के साथ कहा कि वे पदभार संभालते ही इन आदेशों को जारी करने की योजना बना रहे हैं।**

प्रात: किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने विक्ट्री रैली की। शपथ ग्रहण की पूर्व संध्या पर ट्रंप ने समर्थकों से कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध भी खत्म करा देंगे और पश्चिम एशिया में अराजकता को बढ़ने से रोकेंगे। दावा किया कि अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए भी सबसे आक्रामक अभियान चलाने का आदेश देंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने उद्घाटन भाषण और कार्यकारी आदेशों की झड़ी को लेकर एक खाका खींच दिया। आत्मविश्वास के साथ कहा कि वे पदभार संभालते ही इन आदेशों को जारी करने की योजना बना रहे हैं।

सोमवार की दोपहर (यूएस ईस्टर्न टाइम) अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में वे शपथ लेंगे। ठंड के कारण पूरा कार्यक्रम कैपिटल रोटुंडा के अंदर स्थानांतरित कर दिया गया है। रविवार को वाशिंगटन डीसी में आयोजित विक्ट्री रैली में उन्होंने दावा किया, मैं यूक्रेन में युद्ध समाप्त करूंगा। मैं मध्य पूर्व (जैसा कि पश्चिम में पश्चिम एशिया के रूप में जाना जाता है) में अराजकता को रोकूंगा, और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोकूंगा और आपको पता नहीं है कि हम कितने करीब हैं। दरअसल, यूक्रेन रूस के सामने 2023 से ही डटा हुआ है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि उसे मुख्य रूप से अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों के गठबंधन का पूरा समर्थन प्राप्त है। जो बाइडेन प्रशासन ने उनकी पूरी मदद की है। ट्रंप लगातार युद्ध समाप्त कराने का संकेत देते रहे हैं। ट्रंप ने खुद को पहले ही पश्चिम एशिया में शामिल कर लिया है। इस क्षेत्र के लिए उनके विशेष दूत स्टीव



विटकॉफ उस अमेरिकी टीम का हिस्सा थे जिसने इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम पर काम किया था, जो रविवार को प्रभावी हुआ। ट्रंप ने महीनों तक चली वार्ता को समाप्त करने का श्रेय लेने की कोशिश की है, तो वहीं बाइडेन ने अपने उत्तराधिकारी के साथ श्रेय साझा करने के किसी भी सुझाव पर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने अमेरिका में सभी अवैध प्रवेश को समाप्त करने के लिए तेजी से आगे बढ़ने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को अपने उद्घाटन भाषण में ऐसी घोषणाएं करेंगे जो हमारी सीमाओं को बहाल करने के लिए दुनिया में अब तक का सबसे आक्रामक, व्यापक प्रयास होगा।

### ट्रंप ने कहा 'टिकटॉक हमें पसंद', कंपनी बोली राष्ट्रपति आपका धन्यवाद

चीनी सोशल मीडिया ऐप टिकटॉक ने कहा है कि वह अमेरिका में अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद, उसने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का धन्यवाद किया और कहा कि उनकी बातों से उन्हें बल मिला है और उनका भरोसा बढ़ा है।

यह घटना तब हुई जब ट्रंप ने टिकटॉक को फिर से अमेरिका में काम करने की अनुमति देने का वादा किया। इससे पहले, शनिवार रात को टिकटॉक ने बाइडेन सरकार के प्रतिबंध आदेश का पालन करते हुए अमेरिका में काम करना बंद कर दिया था। रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में टिकटॉक ने कहा, हमारे सेवा प्रदाताओं के साथ समझौते के तहत, टिकटॉक अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने की प्रक्रिया में है। हम राष्ट्रपति ट्रंप का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हमारे सेवा प्रदाताओं को यह भरोसा दिलाया कि उन्हें कोई सजा नहीं दी जाएगी। टिकटॉक 170 मिलियन से अधिक अमेरिकियों और 7 मिलियन से ज्यादा छोटे व्यवसायों को काम करने का मौका देता है। पोस्ट में कहा गया, यह पहले संशोधन के अधिकार और बिना कारण के सेंसरशिप के खिलाफ एक मजबूत कदम है। हम राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर संयुक्त राज्य अमेरिका में टिकटॉक को बनाए रखने के लिए दीर्घकालिक समाधान पर काम करेंगे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर बताया कि वह टिकटॉक पर प्रतिबंध को 90 दिनों के लिए टालने के लिए सोमवार को एक कार्यकारी आदेश जारी करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं कंपनियों से कह रहा हूं कि वे टिकटॉक को अनिश्चितता में न छोड़ें! मैं सोमवार को एक कार्यकारी आदेश जारी करूंगा, ताकि प्रतिबंध से पहले की समय सीमा बढ़ाई जा सके और हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए एक समझौता कर सकें।

उन्होंने कहा, आदेश यह भी सुनिश्चित करेगा कि मेरे आदेश से पहले टिकटॉक को असमंजस में रखने वाली किसी भी कंपनी पर कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अमेरिकियों को मेरे शपथ ग्रहण के साथ ही अन्य कार्यक्रमों और चर्चाओं को देखने का हक है। इसके अलावा, उन्होंने टिकटॉक से जुड़े संयुक्त उद्यम में अमेरिका के लिए 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने का प्रस्ताव रखा।

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि संयुक्त उद्यम में अमेरिका की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हो। इस तरह, हम टिकटॉक को बचा सकते हैं, इसे अच्छे हाथों में रख सकते हैं और आगे बढ़ने की अनुमति दे सकते हैं। बिना अमेरिका की मंजूरी के, टिकटॉक नहीं हो सकता। हमारे साथ मंजूरी मिलने पर, इसकी कीमत सैकड़ों अरब डॉलर - शायद खरबों डॉलर हो सकती है। इससे पहले अपनी विक्ट्री स्पीच में भी ट्रंप ने टिकटॉक के प्रति सकारात्मक रवैया कायम रखा था। उन्होंने समर्थकों के बीच कहा, टिकटॉक हमें पसंद है। हमें टिकटॉक को बचाने की जरूरत है। यह इसलिए क्योंकि हमें बहुत सारी नौकरियां बचानी हैं। हम अपना व्यवसाय चीन को नहीं देना चाहते। मैंने टिकटॉक को इस शर्त पर मंजूरी देने पर सहमति जताई कि कंपनी का 50 फीसदी हिस्सा अमेरिका के पास रहेगा।

## सीरिया ने ड्रोन से हमला कर आठ मिलिशिया सदस्यों को मारा गिराया, बख्तरबंद वाहनों को नुकसान

प्रात: किरण/एजेंसी

दमिश्क। कुर्द नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) के लड़ाकों ने ड्रोन से उत्तरी सीरिया के अलेप्पो प्रांत में तिशरीन डेम के पास तुकी समर्थित मिलिशिया के वाहनों और बख्तरबंद उपकरणों को निशाना बनाया, जिसमें मिलिशिया के आठ सदस्य मारे गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार एसडीएफ और तुर्की समर्थित ह्लसीरियन नेशनल आर्मीह्न के बीच रविवार को संघर्ष में आठ एसडीएफ लड़ाके भी घायल हो गए हैं। एसडीएफ ने हालांकि दावा किया कि संघर्ष में कई तुर्की समर्थित लड़ाके मारे गए और टैंकों सहित कई सैन्य वाहन नष्ट हो गए। गौरतलब है कि पिछले साल 12 दिसंबर को शुरू हुये संघर्ष के बाद से सीरिया की ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट ने दोनों पक्षों के करीब अभी तक



440 लोगों की मौतों की पुष्टि की है। इसमें 44 नागरिक, तुर्की समर्थित समूहों के 321 लड़ाके और एसडीएफ तथा सहयोगियों के 75 लड़ाके शामिल हैं। तुर्की सीरियाई कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट (वाईपीजी) को गैरकानूनी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) की शाखा मानता है, जो एसडीएफ का मुख्य हिस्सा है। पीकेके को तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

## पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में 'शॉन' चक्रवात को लेकर आपातकालीन चेतावनी जारी

प्रात: किरण/एजेंसी

सिडनी। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) के उत्तर-पश्चिमी तट को प्रभावित करने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात ह्लशॉनह्न को श्रेणी तीन के तूफान में अपग्रेड कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने सोमवार सुबह उष्णकटिबंधीय तूफान ह्लशॉनह्न को श्रेणी दो से श्रेणी तीन में अपग्रेड कर दिया और हवाओं की गति 185 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की चेतावनी दी। मौसम विभाग ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पश्चिमी पिलबारा तट के आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी है, क्योंकि तूफान शॉन के तेज हवाओं और मूसलधार बारिश के कारण स्थिति गंभीर होने के आसार हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अग्नि एवं आपातकालीन सेवाओं विभाग (डीएफईएस) की ओर से जारी की गई एक आपातकालीन चेतावनी में कहा गया, आप खतरे में हैं और तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है। इसी बीच, निवासियों को सलाह दी गई है कि वे भवनों के सबसे मजबूत और सुरक्षित हिस्से में रहें तथा खिड़कियों और दरवाजों से दूर रहें। मौसम विज्ञान ब्यूरो ने आज कहा कि कि तूफान के प्रभाव से समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं और तटीय इलाकों में बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने निवासियों से अपील की, जो लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जहां बाढ़ का खतरा है, उन्हें अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय करने चाहिए और साथ ही, अपने पड़ोसियों की मदद के लिए तैयार रहना चाहिए। मौसम विभाग के अनुसार, तूफान शॉन की दिशा दक्षिण-पश्चिम की ओर बदलने के आसार हैं।

## भारतीय समुदाय से जुड़े संगठन ने दी ट्रंप को बधाई, दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ होने की उम्मीद जताई

प्रात: किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। वैश्विक भारतीय समुदाय की गैर-लाभकारी संस्था इंडियास्पोरा ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से पहले डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी और उम्मीद जताई कि नए प्रशासन के तहत अमेरिका-भारत संबंध और प्रगाढ़ होंगे। इंडियास्पोरा के संस्थापक-अध्यक्ष एमआर रंगास्वामी ने कहा, इंडियास्पोरा और भारतीय-अमेरिकी समुदाय की ओर से मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देना चाहता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि अमेरिका में नए राजनीतिक माहौल में अमेरिका-भारत संबंध और प्रगाढ़ होंगे। रंगास्वामी ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान दोनों पक्षों के शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने मजबूत संबंध स्थापित किए और इस अहम द्विपक्षीय संबंध को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका में मजबूत द्विदलीय समर्थन है। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने नागरिक अधिकार, राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई भारतीय-अमेरिकियों को नियुक्त किया है। इनमें हरमीत कौर ढिल्लों, विवेक रामास्वामी, कश पटेल, जय भट्टाचार्य और श्रीराम कृष्णन प्रमुख हैं। इंडियास्पोरा के कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में इंडियास्पोरा का ध्यान दो प्रमुख क्षेत्रों में रहा है-प्रवासी भारतीयों की नागरिक और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना तथा अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करना। उन्होंने कहा, यह देखकर खुशी होती है कि हर अमेरिकी प्रशासन ने, चाहे उनकी राजनीतिक संबद्धता कुछ भी हो भारतीय-अमेरिकियों को सरकार में वरिष्ठ पदों पर नियुक्त किया है।

## खुशी, आंसू और भावनाएं : तीन इजरायली महिला बंधक आखिरकार अपने परिवार से मिलीं

प्रात: किरण/एजेंसी

तेल अवीव। गाजा में 471 दिनों की कैद के बाद तीन महिला बंधकों के लिए रविवार का दिन आजादी की खुशी लेकर आया। गाजा युद्धविराम समझौते के तहत उनकी रिहाई संभव हो सकीं। रोमी गोनेन, (24), एमिली दमारी, (28) और डोरोन स्टीनब्रेचर, (31) इस समझौते के तहत मुक्त होने वाली पहली बंधक बनीं। इन तीनों को 7 अक्टूबर 2023 के हमास हमले के दौरान हमास के लड़कों ने अगवा किया था। गोनेन को सुपरनोवा संगीत समारोह से किडनैप किया गया था, जबकि दमारी और स्टीनब्रेचर को किबुत्ज केफर अजा में उनके घरों से अगवा किया गया था। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' के मुताबिक एमिली दमारी, रोमी गोनेन, डोरोन स्टीनब्रेचर, गाजा पट्टी से रिहा होने के तुरंत बाद अपनी माताओं से मिलीं और गाजा सीमा के पास रीम बेस पर स्थापित एक परिसर में शुरूआती मेडिकल जांच से गुजरीं। उसके बाद उन्हें अपने परिवारों के साथ फिर से मुलाकात और स्वस्थ होने के लिए मध्य इजरायल में तेल हाशोमर अस्पताल ले जाया गया। वैन जैसे ही तीनों को लेकर पहुंची, अस्पताल के बाहर सड़कों पर सैकड़ों लोगों ने उनका स्वागत किया, जयकारे लगाए और गीत गाए। प्रधानमंत्री कार्यालय ने अस्पताल में अपने परिवार से मिलने वाली तीनों महिलाओं की तस्वीरें और वीडियो जारी किए।





इनमें इजरायली झंडे में लिपटी हुई दमारी को भावनात्मक रूप से अपने रिश्तेदारों को गले लगाते नजर आईं, गोनेन को उसके परिवार के सदस्यों ने गले लगाया और वह रोशनी से सजे अस्पताल के कमरे में चली गई; और स्टीनब्रेचर अस्पताल के हॉल में अपने परिवार के सदस्यों को गले लगाते हुए रो पड़ी।

तीनों महिलाओं को देखभाल और उपचार के लिए कई दिनों तक अस्पताल में रहने की उम्मीद है। अस्पताल के निदेशक डॉ. येल फ्रैंकल-नीर ने कहा कि उनकी शारीरिक स्थिति इतनी अच्छी थी कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ फिर से मिलने पर ध्यान केंद्रित कर सकती थीं और कुछ घंटों के लिए चिकित्सा मुद्दों पर से ध्यान हटा सकती थीं। तस्वीरों में दमारी के हाथ पर पट्टी बंधी हुई दिखाई दे रही है। वह 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के दौरान घायल हो गई थी। मुस्कुराते हुए, उसने अपने पट्टीदार हाथ को ऊपर उठाया और अपने रिश्तेदारों की ओर हाथ हिलाया, जो उसे देखकर भावुक हो गए थे। उसके परिवार के अनुसार, ब्रिटिश-इजरायली दोहरी नागरिक ने हमले के दौरान हमलावरों की गोली लगने की वजह से अपनी दो उंगलियां खो दी थीं। दामरी की मां, मैंडी ने बेटी से मिलने के तुरंत बाद एक बयान में कहा, ₹मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं जिन्होंने इस भयावह घटना के दौरान एमिली के लिए लड़ना कभी बंद नहीं किया।₹ उन्होंने कहा, ₹गाजा में एमिली का बुरा सपना खत्म हो गया है, लेकिन बहुत से अन्य परिवारों के लिए इंतजार खत्म नहीं हुआ है। हर आखिरी बंधक को रिहा किया जाना चाहिए। इस बीच, स्टीनब्रेचर के परिवार ने एक बयान जारी कर कहा, ₹इस सफर में हमारा साथ देने वाले सभी लोगों के प्रति हमारी हार्दिक कृतज्ञता।₹ उन्होंने कहा, ₹इजरायल के लोगों को उनके गर्मजोशी भरे आलिंगन, अटूट समर्थन और हमारे सबसे बुरे क्षणों में हमें दी गई ताकत के लिए विशेष धन्यवाद। हम [अमेरिका के] राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी और समर्थन के लिए भी अपना आभार व्यक्त करते हैं, जो हमारे लिए बहुत मायने रखता है। स्टीनब्रेचर के परिवार ने कहा, हमारा वीर डोडो, जो हमास की कैद में 471 दिनों तक जीवित रहा, आज से अपना पुनर्वास शुरू कर रहा है। हम सभी परिवारों के साथ खड़े रहेंगे और जब तक उनके सभी प्रियजन घर वापस नहीं आ जाते, तब तक हम अपनी पूरी शक्ति से काम करेंगे। गोनेन ने अपने गृहनगर केफर व्रादिम के निवासियों को एक वॉयस मैसेज भेजा। उन्होंने कहा, ₹यह रोमी है, जो कैद से वापस लौटी है। आप सभी का शुक्रिया. मुझे अभी तक पता नहीं है कि आपने क्या किया है। मैंने एक छोटा सा हिस्सा देखा है, लेकिन आप सबसे अच्छे हैं, मैं आपकी किसी भी चीज से ज्यादा सराहना करती हूं और आपको गले लगाती हूं और चूमती हूं। भगवान की मदद से, हम जल्द ही मिलेंगे। जाहिर तौर पर गोनेन को कैद में दामारी के साथ रखा गया था, और उसने एमिली की मां से कहा: ₹आप यह नहीं समझती हैं कि आपकी बेटी इस समय मेरे लिए क्या थी।

**गिरफ्तारी** — कोरिया सुधार सेवा के कमिशनर शिन योंग-हे ने बताया कि रविवार को यून को सोल के दक्षिण में उईवांग स्थित हिरासत केंद्र के 12 वर्ग मीटर वाले सेल में ले जाया गया।

# दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति यून को सोल डिटेंशन सेंटर के सेल में लाया गया

प्रात: किरण/ एजेंसी

सोल। राष्ट्रपति यून सुक योल को गिरफ्तार करने के बाद सोल डिटेंशन सेंटर के एकांत वार्ड में भेजा गया है। एक अधिकारी ने इस संबंध में सोमवार को जानकारी दी। कोरिया सुधार सेवा के कमिशनर शिन योंग-हे ने बताया कि रविवार को यून को सोल के दक्षिण में उईवांग स्थित हिरासत केंद्र के 12 वर्ग मीटर वाले सेल में ले जाया गया। ये कार्यवाही सोल पश्चिमी जिला न्यायालय द्वारा उसकी औपचारिक गिरफ्तारी का वारंट जारी करने के बाद की गई। शिन ने नेशनल असेंबली की कानून और न्यायपालिका समिति के सत्र के दौरान सांसदों से कहा, (यून) को संदिग्धों के लिए बनाए गए कमरे से सामान्य हिरासत विंग में भेजा गया और मुझे रिपोर्ट मिली कि उन्होंने रात आराम से बिताई। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शिन ने बताया कि यून की सेल, जो आम तौर पर पांच या छह लोगों के लिए होती है, उसी आकार की है, जैसे पिछली बार हिरासत में रखे गए राष्ट्रपतियों की सेल थी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शिन ने बताया कि यून की



सेल, [जिसमें आमतौर पर पांच या छह लोगों को रखा जाता है], का आकार उस कोठरी के समान है, जहां पूर्व राष्ट्रपतियों को रखा गया था।

अधिकारी ने सांसदों को बताया कि यून ने अपनी हिरासत की आधिकारिक प्रक्रियाओं में सहयोग किया, जैसे कि मग शॉट लेना और शारीरिक परीक्षा से गुजरना। साथ ही, उनकी सुरक्षा के लिए एक विशेष सुधार अधिकारी को नियुक्त किया गया है। इससे पहले दिन में, यून के वकीलों ने कहा कि वह सोमवार को मार्शल लॉ के नाकाम प्रयास के संबंध में आगे की पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं रहेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दिन पेश नहीं होने के बाद भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने यून को सुबह 10 बजे पूछताछ के लिए आने का आदेश दिया है। अगर वह आदेशों का पालन नहीं करता, तो सीआईओ से उम्मीद की जा रही है कि वह उन्हें मजबूर करके लाएगी या फिर सियोल डिटेंशन सेंटर में जाकर उनसे मिलेगी। यून को रविवार तड़के औपचारिक गिरफ्तारी में रखा गया था, जब एक अदालत ने सबूतों को नष्ट किए जाने की आशंका के कारण उसकी हिरासत की अवधि बढ़ाने के लिए वारंट जारी किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129